वर्ष : 18 अंक: 13 | आगरा | मंगलवार 18 मार्च 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार



### महिलाओं के लिए खुशखबरी, हिमाचल सरकार ने की 1500 रुपये देने की घोषणा

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में 21 साल की आयु पूरी करने वाली हर बेटी को 1500 रुपये प्रति माह देने वाली योजना की घोषणा की है। सुक्खू ने कहा कि इस योजना का नाम 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' रखा गया है, जो एक जनवरी 2025 से 31 मार्च 2026 तक लागू होगी। उन्होंने कहा कि जो महिलायें दूसरों के घरों में काम करके अपना परिवार चलाती हैं, वह भी एक जून 2025 से इस योजना की हकदार होंगी और उनकी पात्र बेटियां भी 1500 रुपये प्रति माह पाने की हकदार होंगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों की ओर से चयनित महिलाओं को चरणवद्ध तरीके से योजना का लाभ दिया जायेगा। सुक्खू ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की दो बेटियों के लिए एक नयी योजना शुरू की जाएगी, जिसे 'इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना' नाम दिया गया है। इसके तहत, पुत्री के जन्म पर 25 हजार रुपये का बीमा कराया जाएगा।

### केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को दी मंजूरी, चंद्रयान-4 की लॉन्चिंग पर आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-5 को मंजूरी दे दी है। इसरो के अध्यक्ष वी.नारायणन ने इस बात की जानकारी दी है। इसके साथ ही इस बात की जानकारी भी सामने आई है कि भारत का चंद्रयान-4 मिशन कब तक लॉन्च किया जाएगा। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बताया बस 3 दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। हम इसे जापान के सहयोग से करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के चंद्रयान-5 मिशन के तहत, चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम का रोवर भेजा जाएगा। इसरो ने रविवार को ये भी बताया कि चंद्रयान-4 मिशन कब लॉन्च होगा। इसरो अध्यक्ष ने बताया कि संभावना है कि चंद्रयान-4 को साल 2027 में प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने बताया है कि चंद्रयान-4 मिशन का मकसद चंद्रमा से इकट्ठा किए गए नमूनों को वापस लाना है।

### केंद्र ने '5जी इनोवेशन हैकाथॉन 2025' की घोषणा की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सोमवार को '5त्न इनोवेशन हैकाथॉन 2025' की घोषणा की। छह महीने की अवधि वाली इस पहल का उद्देश्य सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों से निपटने के लिए इनोवेटिव 5जी पावर्ड सॉल्यूशन के विकास में तेजी लाना है। संचार मंत्रालय के अनुसार, छात्रों, स्टार्टअप और पेशेवरों के लिए यह कार्यक्रम मेंटरशिप, फंडिंग और 100 से अधिक 5जी यूज केस लैब तक पहुंच प्रदान करता है।

## औरंगज़ेब कब्र विवादः नागपुर में पथराव-आगजनी





### विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब का पुतला फूंका, इसके बाद हिंसा; गाड़ियों में तोड़फोड़; डीसीपी समेत कई घायल

**नागपुर,एजेंसी।** औरंगजेब कब्र विवाद में महाराष्ट्र के नागपुर के महाल इलाके में सोमवार शाम दो पक्षों में हिंसा हो गई। विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब का पुतला फूंका था, इसके बाद हिंसा भड़क गई। अधिकारियों ने बताया- अफवाह फैली कि प्रदर्शनकारियों ने पुतले के साथ एक धार्मिक पुस्तक जलाई है। इससे दो पक्षों में पथराव हुआ।

कई गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई। दो जेसीबी में आग लगाई गई। पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं। घटना में डीसीपी, पुलिसकर्मी समेत चार लोग घायल हुए हैं। फिलहाल इलाके में शांति है। भारी पुलिस बल तैनात है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से प्रशासन का पूरा सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा- हम लगातार पुलिस-प्रशासन के संपर्क में हैं। नागपुर एक शांतिपूर्ण शहर है। किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। नागपुर डीसीपी अर्चित चांडक ने कहा- गलतफहमी के कारण यह घटना हुई है। स्थिति कंट्रोल में है। सभी से अपील है कि बाहर न निकलें। पत्थरबाजी न करें। कुछ पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। मेरे पैर में भी हल्की चोट आई।

### पुलिस बोली- हजारों की भीड़ आई, घरों में पत्थर फेंके गए

यह घटना चिटनिस पार्क और महल इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चिटनिस पार्क से शुक्रवारी तलाव रोड बेल्ट हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित थी, जहां दंगाइयों ने कुछ चार पहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया। घरों पर भी पत्थर फेंके गए। पुलिस हजारों की संख्या में मौजूद भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश कर रही है।

## दिल्ली पुलिस में अब योग्यता परीक्षा से होगी एसएचओ की नियुक्ति, पहली बार लागू किया गया नियम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव करते हुए स्टेशन हाउस ऑफिसर के पद पर नियुक्ति के लिए योग्यता आधारित परीक्षा प्रणाली लागू कर दी है। अब तक एसएचओ की पोस्टिंग वरिष्ठता और अनुभव के आधार पर होती थी, लेकिन इस नई व्यवस्था का उद्देश्य चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना है।

इस नई पहल के तहत, दिल्ली पुलिस विशेष रूप से साइबर पुलिस स्टेशनों के लिए पहली योग्यता परीक्षा आयोजित करने जा रही है। यह परीक्षा कल, 18 मार्च को वजीराबाद स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में होगी। इस परीक्षा के माध्यम से चुने गए अधिकारी राजधानी में बढ़ते डिजिटल अपराधों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

साइबर थानों में एसएचओ के 15 रिक्त पदों के लिए कुल 122 पुलिस निरीक्षकों ने आवेदन किया है, जिससे यह प्रक्रिया काफी प्रतिस्पर्धी हो गई है।

परीक्षा में सफल होने वाले अधिकारियों को साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल फोरेंसिक और साइबर सुरक्षा प्रवर्तन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जाएंगे। पश्चिमी दिल्ली के एक निरीक्षक ने इस प्रतिस्पर्धा को कड़ी बताते हुए कहा कि दैनिक पुलिस ड्यूटी के साथ परीक्षा की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सभी इस पद के महत्व को समझते हैं।

**क्या होगा परीक्षा का पैटर्न?**

इस योग्यता परीक्षा में उम्मीदवारों का विस्तृत पाठ्यक्रम के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), साइबर अपराध और आईटी कौशल, एनडीपीएस अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, दिल्ली पुलिस अधिनियम, दिल्ली आबकारी अधिनियम, कंपनी अधिनियम आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

## महासतिया में अरविंद सिंह मेवाड़ पंचतत्व में विलीन

### बहनों के गले लगकर रोए लक्ष्यराज, सिसकियों में डूबा शाही परिवार



**उदयपुर,एजेंसी।** सिटी पैलेस सोमवार को एक गहरे सन्नाटे में डूबा था। शंभू निवास के दरवाजे से जब अरविंद सिंह मेवाड़ की अंतिम यात्रा निकली, तो मानो पूरे राजमहल की दीवारों ने भी सिसकियों को महसूस किया। राजपरिवार के इस चिराग के बुझने के साथ ही मेवाड़ की शाही परंपराओं में एक और दुखद अध्याय जुड़ गया। अरविंद सिंह मेवाड़ के अंतिम सफर में शहर के हर खास ओ आम ने शिरकत की। आयड़ स्थित महासतिया (जहां उदयपुर के राज परिवार के सदस्यों का होता है अंतिम संस्कार) में पंचतत्व में विलीन हो गए।

सुबह करीब 11 बजे शंभू पैलेस से जब पार्थिव देह महासतिया की ओर रवाना हुई, तो बड़ी पोल, जगदीश चौक, घंटाघर और बड़ा बाजार की गलियां गमगीन हो गईं। सफेद कपड़ों में लिपटे, आंखों में नमी लिए हर कोई इस क्षण का गवाह था।

लक्ष्यराज सिंह, जो अपने पिता की अंतिम यात्रा में हर कदम उनके साथ थे, जैसे ही मुखाग्नि देने पहुंचे, उनकी आंखें छलक पड़ीं। बहनों ने उन्हें गले लगाया, लेकिन उस आलिंगन में कितना सुकून था और कितना दर्द, यह केवल वही महसूस कर सकते थे जिनकी आंखों के सामने एक साया हमेशा के लिए ओझल हो चुका था।

### पाकिस्तान : अफगान शरणार्थियों के मुद्दे पर संघीय और प्रांतीय सरकार आमने-सामने, केपी सीएम बोले- मैं तय करूंगा क्या सही है

**पेशावर ,एजेंसी।** अफगान शरणार्थियों के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान की संघीय और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत (केपी) सरकार आमने सामने है। प्रांतीय सरकार ने अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने की केंद्र की नीति को 'अमानवीय' करार दिया है। केपी के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि उनकी सरकार प्रांत में रहने वाले अफगानों को निष्कासित करने के केंद्र के निर्देशों का पालन करने या न करने का फैसला 31 मार्च के बाद लेगी। पाकिस्तानी दैनिक 'डॉन' के मुताबिक उन्होंने अफगान शरणार्थियों पर केंद्र की नीति की निंदा करते हुए इसे 'अमानवीय और दमनकारी' बताया। गंडापुर ने कहा, मैं संघीय सरकार की नीति के अनुसार अफगानों के प्रत्यावर्तन के पक्ष में नहीं हूं। मैं तय करूंगा कि मुझे क्या सही लगता है, केपी की संस्कृति और परंपराओं के अनुकूल क्या है।

## यूपी- प्रदेश में एक अप्रैल से राज्य कर्मचारियों के लिए मानव संपदा पोर्टल हुआ अनिवार्य, जारी हुआ आदेश



**लखनऊ,एजेंसी।** प्रदेश सरकार ने राज्यकर्मियों के लिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर ही एपीआर (वार्षिक संपत्ति विवरण) और एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) ऑनलाइन भरना और छुट्टी के लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि 17 जनवरी को शासनादेश जारी करते हुए इसे अनिवार्य किया गया था। इसके बाद भी देखने में आया है कि इसका पालन अनिवार्य रूप से नहीं किया जा रहा है, इसीलिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर सर्विस बुक भरना, छुट्टी, वार्षिक संपत्ति विवरण (एपीआर), वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर), वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), वेतन आहरण, कार्यमुक्ति व कार्यग्रहण करने का काम अनिवार्य रूप से ऑनलाइन किया जाएगा। मेरिट बेस्ड ऑनलाइन स्थानांतरण के संबंध में यथा समय स्थानांतरण नीति के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### आउटसोर्स कर्मियों का जल्द निर्धारित हो मानदेय

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मुख्य सचिव से आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय के बारे में जल्द निर्णय करने व कर्मचारियों की लंबित मांगों पर निर्णय की मांग की है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय निश्चित किए जाने के संबंध में जल्द ही प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा जाएगा। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी व महामंत्री अरुणा शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव से मुलाकात की और उनको होली की शुभकामनाएं देते हुए कर्मचारियों के लिए सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। इसके बाद पदाधिकारी मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद से भी मिले। उनसे भी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

### पेट्रोल-डीजल सस्ता खरीदके महंगा बेच रही है सरकारः मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 42 महीने में सबसे कम है लेकिन देश में डीजल-पेट्रोल के दाम नहीं घट रहे हैं और सरकार कम दाम पर ईंधन खरदी कर जनता को लूट रही है। खरगे ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कच्चे तेल की क़ीमत रही है लगातार लुढ़क, पेट्रोल-डीज़ल की क़ीमतों को न घटा, मोदी सरकार जनता को लूट रही बेधड़क। लंबे-लंबे एकतरफ़ा पॉडकास्ट कर श्री मोदी जी जनता को केवल 'मन की बात' सुनाते हैं। तेल के खेल में उलझा कर महँगाई के आँसू रुलाते हैं । उन्होंने कहा मई 2014 से अब तक 34 प्रतिशत गिरा कच्चा तेल, 10 साल में 36 लाख़ करोड़ रुपए का टैक्स वसूली खेल ! कब होगी पेट्रोल-डीज़ल के दामों में कटौती, कब तक बटोरती रहेगी भाजपा जनता से फिरौती।

## तुलसी गबार्ड से मिले पीएम मोदी, महाकुंभ का जल किया भेंट



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में मेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ से लाया गए पवित्र जल (जल) से भरा एक कलश भेंट किया। पीएम मोदी ने उन्हें बताया कि महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक भारतीयों ने आस्था की डुबकी लगाई। कई देशों की यात्रा के हिस्से के रूप में भारत पहुंची हैं। उनकी एशिया यात्रा का समापन 18 मार्च को दिल्ली में रायसीना डायलॉग में भाषण देने के साथ होगा, जिसके लिए प्रधानमंत्री ने उन्हें आमंत्रित किया था। रायसीना डायलॉग के 10वें संस्करण का आयोजन विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा किया जा रहा है।

**पीएम मोदी से मुलाकात के बाद क्या बोलीं तुलसी गबार्ड**

मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने तुलसी गबार्ड को भारत-अमेरिका मैत्री का प्रबल समर्थक बताया। वहीं, गबार्ड ने पीएम मोदी से मुलाकात को एक सम्मान बताया।

### सीएम नायब सैनी ने बजट किया पेश

## गुरुग्राम-पंचकूला को एआई हब बनाने की घोषणा



**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** हरियाणा के सीएम और वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य का बजट पेश कर दिया है। नायब सैनी ने बजट में कई ऐलान किए है। सीएम सैनी ने कहा कि राज्य में 50 लाख नए रोजगार पैदा करने पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बजट को लेकर कुल 11 हजार सुझाव मिले, जिसको लेकर बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इस बार दो लाख 5 हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया गया है। यह पिछले साल की तुलना में 13.7 प्रतिशत अधिक है। सीएम सैनी ने नशे के खिलाफ नशे से बचाने के लिए मेरा संकल्प प्राधिकरण गठित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्राधिकरण के लिए 10 करोड़ रूपये का प्रारम्भिक आवंटन किया जाएगा। हरियाणा AI Mission की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है जिसमे विश्वबैंक ने 474 करोड़ रूपये का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इस्ढ्ढ मिशन द्वारा गुड़गांव और पंचकूला में हब स्थापित किया जाएगा। हरियाणा में डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम का नया विभाग बनेगा। सीएम नायब सैनी ने अपने बजट भाषण में इसका एलान किया। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार निजी निवेशकों को 2000 करोड़ रूपये का एक फंड आफ फंड्स बनाने के लिए प्रेरित करेगी। राज्य के सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि अनुपयोगी स्कीमों को बंद किया जाए 'किसानों से 1 लाख तक के कर्ज पर कोई लोन नहीं' देसी गाय खरीदने पर अब 25000 की जगह 30000 रुपये की अनुदान राशि गुरुग्राम में फूलों की खरीद के लिए फूल मंडी बनाने का प्रस्ताव हरियाणा के गोहाना में बनेगी सबसे बड़ी मंडी, किसानों को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी बजट में 1000 तक पशुओं वाली गौशालाओं को 1 ई-रिक्शा और 1000 से ज्यादा वाली गौशालाओं को 2 ई-रिक्शा देने के लिए 5 करोड़ का प्रावधान पराली प्रबंधन के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ का प्रावधान मेरा पानी, मेरी विरासत योजना के तहत किसानों का अनुदान बढ़ाकर 8000 रुपये किया गया। प्राकृतिक खेती के लिए 1 लाख एकड़ भूमि लक्ष्य महिला किसान जो डेयरी स्थापित करने हेतु 1 लाख रुपये तक लोन लेती हैं, उन्हें ब्याजमुक्त लोन मिलेगा।

## सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ किए जाएं प्रारंभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### शहरों और ग्रामों में नागरिकों के लिए सुनिश्चित करें पीने के पानी का प्रबंध



मुख्यमंत्री ने पेयजल प्रबंधों की जानकारी लेकर दिए निर्देश

**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर राहगीरों के लिए भी पीने के पानी का प्रबंध किया जाए। शहरों में प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल की उपलब्धता, पानी की टंकियों की स्वच्छता और व्यवस्थित पेयजल वितरण जैसे कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हों। ग्रामों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी को लाभान्वित किया जाए। हर घर में टोंटी से जल पहुंचाने के कार्य पूर्ण किए जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकाय मिलकर नागरिकों के लिए समाधान की कार्यवाही करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई एक बैठक में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीमती संपतिया उइके, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष अभियान में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल प्रबंध के कार्य भी सम्पन्न किए जाएं।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील खैर में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## डीएम ने अधिकारियों को गुणवत्तापरक शिकायत निस्तारण की दी हिदायत

## संपूर्ण समाधान दिवस में 29 शिकायतें प्राप्त, 05 का निस्तारण



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील खैर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापरण निस्तारण की हिदायत देते हुए कहा कि शिकायत निस्तारण करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जहां आवश्यकता हो मौके पर उभयपक्षों की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत ही अपनी रिपोर्ट लगाएं। यदि शिकायत का एक बार में ही गुणवत्तापरक निस्तारण हो जाता है तो शिकायतकर्ता भी संतुष्ट होता है और आपको भी एक ही शिकायत का बार-बार निस्तारण नहीं करना पड़ता। डीएम विगत दिनों ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का चिन्हित किए गए 12 ग्रामों में उप निदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी को टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को फसल नुकासान का समुचित लाभ दिया जा सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में खैर व जट्टारी नगर क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण की शिकायत पर डीएम ईओ को निर्देशित किया कि पुलिस टीम के साथ व्यापारियों से समन्वय कर अतिक्रमण की समस्या का निराकरण किया जाए। डीएम ने कहा कि आगामी माह में गेंहू की फसल कट जाएगी, ऐसे में नाली और चकरोड संबंधी प्राप्त सभी शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाए। डीएम ने कहा कि आगामी गर्मी के दिनों में किसान बन्धुओं को सिंचाई की महती आवश्यकता होगी ऐसे में सभी अवशेष वाटर बॉडीज की सिल्ट सफाई सुनिश्चित की जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पेंशन, पारिवारिक लाभ, प्रधानमंत्री आवास, राशन वितरण, विद्युत, सिंचाई, मनरेगा, पुलिस समेत अन्य विभागों की 29 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। डीएम ने शेष शिकायतों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी संजीव सुमन, एडीएम वित्त मीनू राणा, डीडीओ आलोक आर्य, एसडीएम खैर महिमा राजपूत, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी समेत सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग 19 मार्च को करेंगी महिला जनसुनवाई

**अलीगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती मीना कुमारी द्वारा 19 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में एवं अपरान्ह 02 बजे से इगलास तहसील में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मा0 सदस्य द्वारा महिला जनसुनवाई के साथ ही महिला बन्दी गृहों, बालिका एवं महिला गृहों व आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला जनसुनवाई के दौरान पुलिस, जिला कारागार, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ ही महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# डीईओ की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक 18 मार्च को

**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में 18 मार्च को कलैक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की जाएगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक 22 मार्च को

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 22 मार्च को दोपहर 12 बजे से जिला सैनिक बन्धु की बैठक का अयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी जितेन्द्र कुमार चौहान ने उक्त जानकारी देते हुए पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया है कि यदि उनकी कोई समस्याएं हैं तो उन्हें 21 मार्च तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में उपलब्ध करा दें और बैठक में ससमय उपस्थित होकर उनका समाधान कराएं।

# तहसील दिवस में एडीएम ने सुनी समस्याएं

**कुरावली।** सोमवार को तहसील दिवस में आयोजित समाधान दिवस के दौरान एडीएम रामजीलाल ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्रीय लोगों द्वारा छह राजस्व से संबंधित तथा दो पुलिस से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये। एडीएम द्वारा शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम आर एन वर्मा, तहसीलदार अशोक कुमार, बीडीओ सुनील कुमार, उपनिरीक्षक साहब सिंह, नगर पंचायत लिपिक अदनान उल्ला खान साहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

# दबंगों ने मां बेटी तथा पुत्रवधू के साथ की मारपीट

**कुरावली।** गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने मां बेटी सहित पुत्रवधू की मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई। थाना क्षेत्र के ग्राम बसुरा सुल्तानपुर निवासी उर्मिला पत्नी प्रमोद कुमार ने सोमवार को अपने पुत्र राजीव कुमार पुत्र प्रमोद कुमार के साथ थाना में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए बताया कि गांव के ही सुघर सिंह पुत्र रनवीर सिंह, तरूण पुत्र सुघर सिंह, अमर सिंह पुत्र रनवीर सिंह, रवी पुत्र रनवीर सिंह ने महिला तथा उसकी पुत्री पूजा व पुत्रवधू आयूषी के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट कर दी। आस पास के लोगो को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# दरवाजे पर बैठे किसान को दबंगों ने पीटा

**कुरावली।** दरवाजे पर बैठे किसान के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई। थाना क्षेत्र के ग्राम बलरामपुर निवासी रामराज पुत्र चंद्रपाल सिंह ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बीते रविवार की शाम 6-00 बजे अपने दरवाजे पर बैठा था तभी गांव के ही सनोज, अनोज पुत्रगण चक्रपान, चक्रपान पुत्र श्री राम, उमाकांत पुत्र सनोज ने मिलकर रामराज को गाली गलोज करना शुरू कर दिया रामराज ने विरोध किया तो आरोपियों ने मिलकर लाठी डंडों से रामराज की मारपीट कर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# गोविंद भगवान रथयात्रा में भक्ति से सराबोर हुए भक्त



**हाथरस।** श्री गोविंद भगवान रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में घंटाघर स्थित मंदिर से रविवार को गोविंद भगवान की रथयात्रा का आयोजन किया गया। रथयात्रा में 30 से अधिक झांकियों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। जगह-जगह यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। यात्रा का शुभारंभ आरती उतारकर पुष्पेंद्र वार्ष्णेय पप्पू लाला, हीरेंद्र वार्ष्णेय, प्रेम वार्ष्णेय, जय वार्ष्णेय, अनुज वार्ष्णेय, संजय गुप्ता ने किया। घंटाघर से शुरू हुई रथयात्रा निजहाई, रुई की मंडी, लोहट बाजार, सर्राफा बाजार, मोती बाजार, नयागंज, चामण गेट, जामा मस्जिद, चक्की बाजार, सरक्यूलर रोड, सासनी गेट, बागला कॉलेज मार्ग से अक्रूर कॉलेज पर आकर विराम हुई। इस रथयात्रा में भगवान शिव, दुर्गा माता, कंस वध लीला चित्रणा झांकी, अक्रूर जी महाराज, श्रीराधा-कृष्ण, श्रीनाथजी, श्रीराम परिवार आदि झंकियां शामिल की गईं। यात्रा में पहुंचे अतिथियों का मेलाध्यक्ष विशन स्वरुप वार्ष्णेय ने स्वागत किया। महामंत्री हरीश आंधीवाल वैधनाथ, कोषाध्यक्ष गिरधरगोपाल, उपाध्यक्ष डॉ. नीरज वार्ष्णेय, व्यवस्थापक विनोद वार्ष्णेय, बबलू चौधरी, कार्यक्रम संचालक अतुल आंधीवाल एड पूर्व अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में अतिथि सांसद अनूप प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा रामवीर उपाध्याय, विधायक अंजुला सिंह माहौर, चेयरमैन श्वेता चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा शरद माहेश्वरी, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य, पूर्व सांसद राजेश दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय, पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष शर्मा भी रहे।

# प्रधानाचार्य पर लगाया शारीरिक, मानसिक,व आर्थिक शोषण का आरोप लगा कडी कार्रवाई की मांग

**हाथरस।** खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य के शारीरिक, मानसिक,व आर्थिक शोषण के विरुद्ध कडी कार्रवाई होनी चाहिये, एडीएचआर प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने पत्र सौपकर मांग की कि प्राथमिक विद्यालय गिजरौली की प्रधानाचार्या के विरुद्ध खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र हाथरस द्वारा आर्थिक, शारीरिक व मानसिक शोषण का प्रकरण संज्ञान में आया है जो कि घोर निंदनीय है इससे प्रकरण से प्रधानाचार्या डिप्रेशन का शिकार होती जा रही है इसके संबंध में उनके द्वारा समय-समय पर शिकायती पत्र आपको प्रेषित किए गए जिस पर अभी तक कोई भी समुचित कार्रवाई नहीं हुई है इस संबंध में प्रधानाचार्या द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हाथरस को भी शिकायती पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया है उक्त खंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं यह प्रकरण ष्कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के अंतर्गत आता है लेकिन अभी तक आपके द्वारा कोई भी आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर कार्रवाई के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं जो कि यह अधिनियम महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है और उन्हें कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार देता है। साथ ही साथ प्रधानाचार्या द्वारा भविष्य में उनके साथ अनहोनी की भी संभावना व्यक्त की जा रही है अगर ऐसी स्थिति में उनके साथ कोई भी अनहोनी हो जाती है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। गंभीर प्रकरण में त्वरित गति से का गठन कर निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही कर प्रधानाचार्या को न्याय दिलाने के साथ साथ कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। बीएसए स्वाति भारती ने आश्वासन दिया कि आईसीसी का गठन कर तीन दिन के अंदर निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ संवैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रवीन वार्ष्णेय के साथ शैलेंद्र सांवलिया, राजेश वार्ष्णेय मौजूद रहे।

# जनपद के युवा पत्रकार रूप सिंह को मुंबई में आईपीसी प्रिंट मीडिया रत्न अवॉर्ड से किया गया सम्मानित



**मैनपुरी।** जनपद के युवा पत्रकार तथा जर्नलिस्ट एंड मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईपीसी मीडिया रत्न अवार्ड पाकर जनपद का नाम प्रदेश में रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश के मीडियाकर्मियों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। घिरोर कस्बा के निवासी तथा जनपद के युवा पत्रकार तथा जर्नलिस्ट एंड मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रूप सिंह को बीते रविवार को मुंबई के कल्याण पश्चिम के केसी गांधी हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुंबई तथा देश के अन्य प्रांतों से आए बड़ी संख्या में मीडिया बंधुओं की मौजूदगी में मुख्य अतिथि कारगिल युद्ध में दोनों पैर तथा एक हाथ गंवा चुके लांस नायक कारगिल हीरो दीपचंद्र जी द्वारा आईपीसी प्रिंट मीडिया रत्न 2025 अवॉर्ड दिया गया। रूप सिंह को पूर्व में भी गोवा का उत्तराखंड में सम्मानित किया जा चुका है।

उनकी इस उपलब्धि पर मैनपुरी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार डीएस तिवारी, ज्योत्वेन्द्र दुबे, संवेदना फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर धर्मवीर सिंह राही, भुवनेश त्रिपाठी, विमल कुमार राजपूत, सिकंदर खान, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम बाबू अम्बेश, पुष्पेंद्र चौहान, आफाक खान, नदीम खान, मुकेश गुप्ता दीपक , सुखदेव पाटिल, दीपक कठेरिया, दीपक शर्मा, अरुण यादव, सलमान मंसूरी, शवींद्र सिंह चौहान, चंद्रपाल शाक्य, काकुल शर्मा, शिवम गर्ग, पद्मनाव गुप्ता, कुलदीप मिश्र, श्याम किशोर यादव, राजेंद्र सिंह शाक्य, विकास जैन, अरुण दीक्षित, नारायण मिश्रा, अजीत यादव,पंकज मिश्रा, प्रतीक भदौरिया, प्रदीप यादव, सिराज हुसैन उर्फ शंभू सहित जनपद के लोगों व पत्रकारों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पेपर देकर जा रहे छात्र के साथ दबंगों ने की मारपीट

**कुरावली।** थाना क्षेत्र में ग्राम सलेमपुर के निकट परीक्षा देकर जा रहे छात्र के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई। थाना बिछ्वां के ग्राम लहरा निवासी महिला हिरदेश कुमारी पत्नी राजपाल ने थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उनका पुत्र अभिषेक बीते 11 मार्च को 3-00 बजे नगर के देवनागरी इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर घर वापस जा रहा था। रास्ते में जैसे ही वह ग्राम सलेमपुर के निकट पहुंचा तभी ग्राम सलेमपुर निवासी सुबोध पुत्र चंद्रवीर चंदन पुत्र पंकज हर्ष पुत्र अवनीश ने मिलकर गाली गलौज करते हुए अभिषेक की लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिससे अभिषेक घायल हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# गुरु शिष्य के रिश्तों को शर्मसार करने वाले आरोपी प्रोफेसर की तलाश में जुटीं हैं पुलिस की 3 टीमें: जांच जारी




**हाथरस।** शहर के बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर पर छात्राओं के यौन शोषण का आरोप है। उसके मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले है। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। आरोपी प्रोफेसर की तलाश में पुलिस की तीन टीमें उसकी तलाश कर रही है। वहीं आरोपी प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया गया है। बताते हैं उक्त आरोपी प्रोफेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। एक छात्रा द्वारा महिला आयोग को लिखे गए पत्र के बाद उक्त मामले का खुलासा हुआ है।पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है आरोपी प्रोफेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं। डीएम ने भी जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई है।कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे सस्पेंड कर दिया है।बताते हैं आरोपी प्रोफेसर डॉ. रजनीश 54 साल का है और वह भूगोल पढ़ाता है।दरअसल 6 मार्च को एक छात्रा ने केन्द्रीय महिला आयोग को लेटर लिखा, साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने इंटरनल जांच शुरू की थी।छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद थाना हाथरस गेट पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफेसर को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो-फोटो डिलीट कर दिए थे।पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया, तो 65 अश्लील वीडियो मिले। इसके बाद 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई। लेकिन जब तक पुलिस आरोपी को पकड़ती, वह फरार हो गया।बताया जाता है पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ छात्राओं ने कॉलेज मैनेजमेंट से 18 महीने में 5 बार शिकायतें कीं, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के सचिव प्रदीप बागला के अनुसार मामले की शिकायत मिलते ही उसके खिलाफ जांच के आदेश दिए गए। रिपोर्ट के आधार पर प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया गया है।जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने एसडीएम सदर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच टीम बनाई है। इसमें सीओ सिटी, तहसीलदार सादाबाद और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी शामिल हैं। डीएम ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।वहीं एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि हाथरस गेट कोतवाली में 4 दिन पहले मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी प्रोफेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें लगाई गई हैं। कॉलेज के स्टाफ और छात्राओं से बयान लिए जा रहे हैं ।

# रोटी बैंक पर निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा हरि नाम संकीर्तन और फूलों की होली का आयोजन



**हाथरस।** निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा संचालित रोटी बैंक परिसर में भक्तिमय वातावरण में हरि नाम संकीर्तन एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफ़ी श्रद्धालुओं ने भाग लिया और हरि भक्ति में लीन होकर संकीर्तन का आनंद लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कृष्ण की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन और हरि नाम संकीर्तन से हुआ। कीर्तन मंडली ने ÷हरे कृष्ण हरे राम÷ महामंत्र का सामूहिक जाप किया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और इस आयोजन के लिए संस्थान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल , कॉर्डिनेटर चंद्र प्रकाश अग्रवाल , सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल, सह सचिव तरूण राघव , सह सचिव निश्कर्ष गर्ग , स्वदेश वार्ष्णेय, अवधेश कुमार बंटी, रितिक बंसल , टेकपाल कुशवाह, दीपांशु वार्ष्णेय, मयंक ठाकुर ,विशाल सोनी, दीपक अग्रवाल, सौरभ शर्मा, आलोक अग्रवाल, कनज सारस्वत , संदीप गोयल , सुनील कुमार , आशीष अग्रवाल , अतीश अग्रवाल,मुकुंद मित्तल आदि उपस्थित रहे ।

# जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री नव्व केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आए फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान किया जाएगा और कोई भी फरियादी निराश नहीं लौटेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उत्पीड़न, भूमि विवाद और अवैध कब्जों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का निपटारा संवेदनशीलता और सख्ती के साथ किया जाए। जहां आवश्यक हो, वहां कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी को बार-बार चक्कर न लगाने पड़े।जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों ने भूमि विवाद, दुर्घटनाओं, अवैध कब्जों, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, अतिक्रमण हटाने, सड़क निर्माण, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी और उत्पीड़न से जुड़ी समस्याएं रखीं। उप मुख्यमंत्री ने खुद फरियादियों के पास जाकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान इस तरह हो कि पीड़ित पूरी तरह संतुष्ट हो सके।जनता दर्शन में प्रदेश के तीन दर्जन से अधिक जिलों से लोग पहुंचे थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत देवपुरा वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी**

अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक मीमो/ मनरेगा /पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त /निविदा/2024-25 दिनांक 17-03-2025

मनरेगा /पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त में धनराशि आने की प्रत्यासा के अर्न्तगत ग्राम पंचायत देवपुरा वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी में निम्न कार्य कराये जाने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों को कराये जाने हेतु सामिग्री आपूर्ति हेतु संबंधित फर्मो/सप्लायरो से प्रथक प्रथक सामिग्री/समस्त हेतु मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 18-03-2025 से 24-03-2025 तक आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 24-03-2025 सांय 3 बजे निविदादाता/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यायल देवपुरा से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत धनराशि नकद/एफ0डी0आर0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक से संलग्न करनी हैं

कार्य विवरण निम्न प्रकार है

| क0सं0 | कार्य का नाम | सामिग्री की अनुमानित लागत(लाख में) | अग्रिम धरोहर धनराशि राशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामिग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य ओमकार के घर से जबरसिंह की मठिया तक | 433323 | 8666 | 200 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3माह |
| 2 | सी0सी0 रोड से संतोष जाटव की आबादी तक नाली एव इंटरलॉक मरम्मत कार्य | 185228 | 3704 | 200 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 3माह |

निविदा की शर्तें-

1- निविदा में प्रस्तुत दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई भाडा मजदूरी, लॉडिंग अंलोडिंग चार्ज देय नही होगा।
2- निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद/एफ0डी0आर0 ग्राम पंचायत सचिव के पदनाम से बंधक बनाकर जमा करनी होगी।
3-निविदा स्वीकृत होने पर अनुमानित लागत की अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि नकद/एफ0डी0आर0 जमानत के रूप में जमा करनी होगी।
4-किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मैनपुरी न्यायालय होगा।
5- कार्य को घटाया बढाया जा सकता है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवपुरा
वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी

सचिव
ग्राम पंचायत देवपुरा
वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. आ.छा.-एम-ओ एन एम-डब्लू आर पी - आ. छा-2025 दिनांकः 12.03.2025

ई-निविदा सूचना

सीनियर डी.एम.ई./सी. एन्ड डब्लू. उत्तर मध्य रेल, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा केवल ऑनलाइन माध्यम ई-टेन्डरिंग द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम एवं स्थान : एजीसी कोचिंग डिपो में तीन वर्ष की अवधि के लिए जल पुनर्चक्रण संयंत्र का संचालन एवं रखरखाव।

कार्य की अनुमानित लागत : रू0 24,30,820.32/- (रूपये चौबीस लाख तीस हजार आठ सौ बीस और तीन दो पैसे मात्र )

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की बेवसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। निविदाकार अपनी निविदा दिनांक 03.04.2025 को 15:00 बजे तक के भारतीय रेलवे की बेवपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। 481/25 (AS)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR


# लखनऊ में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ ।** गुडंबा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की दुखद घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे कृष्ण कुमार यादव, जो कि सीमान्त नगर कल्याणपुर में रहते थे, ने अपने कमरे में चादर का फंद्धा बनाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।घटना की सूचना उनके पुत्र ललित यादव ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि जब सुबह उनकी मां ने कमरे में देखा तो कृष्ण कुमार यादव फांसी के फंद्धे से लटके हुए थे। यह दृश्य देखकर परिवार के सदस्यों में हड़कंप मच गया। तत्काल फंद्धा काटकर परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर वापस ले आए।घटना की जानकारी मिलते ही गुडंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है और इस घटना से जुड़े सभी पहलुओं को खंगाल रही है।इस घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और परिवार को सांत्वना देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं।

# बिसावर में पीड़ित परिवार से मिलीं महिला आयोग सदस्य व जिला पंचायत अध्यक्ष

**सादाबाद।** तहसील के कस्बा बिसावर में एक 7 वर्ष की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना के बाद दिसावर में पीड़ित परिवार से मिलने के लिए जनप्रतिनिधि पहुंच रहे हैं और पीड़ित परिवार को आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही व न्याय दिलाने का आश्वासन दे रहे हैं। वही आज कस्बा में व्यापारियों ने बाजार बंद रखकर आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाये जाने की मांग की और धरना भी दिया।उक्त मामले में आज राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए आरोपी को फांसी की सजा दिलाने का आश्वासन दिया। राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने कहा कि वह पीड़िता को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाएंगी। साथ ही बच्ची का बेहतर इलाज भी कराया जाएगा। घटना के विरोध में सुबह से ही गांव की महिलाएं धरने पर बैठ गईं। उन्होंने बाजार भी बंद करवा दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण को पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।बाजार बंद की सूचना पाकर मौके पर एएसपी अशोक कुमार सिंह, सादाबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर और कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सिंह राघव भी पहुंच गये। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर धरना समाप्त करवाया। महिला आयोग सदस्य के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने अपनी दुकानें खोल दीं।पीड़ित बच्ची के परिवार से मिलने के लिए आज जिला पंचायत अध्यक्ष सीमारामवीर उपाध्याय ने बिसावर पहुंचकर पीड़ित परिवारीजनों से मुलाक़ात कर उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाते हुए अधिकारियों से प्रभावी कार्यवाही हेतु फ़ोन पर वार्ता की । साथ ही पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी की ।

# फतेहाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

**प्रकरण संज्ञान मे होते हुये कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध की जायेगी सख्त कार्यवाही-जिलाधिकारी, 1 मार्च 2025 से जनपद के सभी कार्यालयों में ई ऑफिस प्रणाली लागू, सभी पत्रावलियां भेजी जाए ऑन लाइन-जिलाधिकारी**

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** तहसील फतेहाबाद में जिलाधिकारी महोदय श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी महोदय ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए। तहसील दिवस के दौरान कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें 01 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों में विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि की राजस्व से सम्बन्धित थीं, जिसमें राजस्व विभाग की 06, पुलिस विभाग 02, विकास विभाग की 02, नगर पंचायत 01 तथा पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त 09 शिकायतें प्राप्त हुई। तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने बताया कि 01 मार्च 2025 से शासन द्वारा जनपद के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के निर्देश प्रदान किए गए हैं। कलेक्ट्रेट, नगर निगम तथा विकास प्राधिकरण में ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्व में लागू किया जा चुका है तथा पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित की जा रही है, उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से एनआईसी से अपनी आईडी डीएससी बनाया जाना सुनिश्चित करें तथा ऐसे सभी चिन्हित कार्मिक जो पत्रावली के संचालन में भूमिका रखते हैं, उन्हें मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो कार्यालय अभी तक गो-लाइव नहीं हुए है और उनके द्वारा पत्रावलियों का ई-परिचालन ई ऑफिस के माध्यम से न भेज कर भौतिक रूप से भेजी जा रही हैं उन कार्यालयों की कोई भी पत्रावली भौतिक रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने जीरो पॉवर्टी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि जीरो पॉवर्टी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना का सर्वे 31 मार्च 2025 से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने परियोजना निदेशक डी आर डी ए को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों की जॉच जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कराई जाए और लाभार्थियों की सूची ग्राम पंचायत में चस्पा कराने के साथ साथ जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जाए, जिससे लाभार्थियों के चयन में शुद्धता रहे एवं पात्रों को योजना का लाभ मिले। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रो0) श्री प्रशांत तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री अरुण श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी श्री राकेश रंजन, उप जिलाधिकारी फतेहाबाद श्री अभय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा श्री रामायन यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री मनीष कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान लेने के बाद भी जेहादी शेष भारत के इस्लामी करण पर आमादा : हिन्दू महासभा

**हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अधिवेशन में विजेन्द्र सिंह राजू पार्चा को सौंपी तीसरी बार कमान, किया हिन्दू राष्ट्र निर्माण और रामराज्य की स्थापना का उद्घोष**

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अधिवेशन हिन्दू राष्ट्र निर्माण, रामराज्य स्थापना और राष्ट्रवाद के नारे के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। अधिवेशन में विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने प्रदेश अधिवेशन में अपने पद का दायित्व संभाला। अधिवेशन मे उपस्थित प्रतिनिधियों ने विजेंद्र सिंह राजू पार्चा को प्रदेश अध्यक्ष की शक्तियां सौंपी। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन के मुख्य अतिथि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में हिन्दू महासभा के इतिहास और भावी रणनीति की प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए उन्हें भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने और रामराज्य की स्थापना का संकल्प दिलवाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने देश विभाजन की विभीषिका का वर्णन करते हुए कहा कि इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान लेने के बाद भी जेहादी शेष भारत का इस्लामीकरण करने पर निरंतर आमादा है। हिन्दू महासभा शेष भारत का इस्लामीकरण किसी भी कीमत पर नहीं होने देगी और भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाए बिना विश्राम नहीं करेगी। उन्होंने अधिवेशन में उपस्थित प्रतिनिधियों को जाती पाती की करो बिदाई हिन्दू हिन्दू भाई भाई का संकल्प दिलवाते हुए जातिविहीन समरस समाज का निर्माण करने की अपील की। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने अपने संबोधन में विजेंद्र सिंह राजू पार्चा को तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने पर शुभकामनाएं दी उनसे प्रदेश संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा ने अपने संबोधन में हिंदुओं के लिए शास्त्र और शस्त्र धारण कर राष्ट्रवाद को प्रज्वलित कर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दिलवाया।

इस अवसर पर सात हिन्दू शूरवीरों को तलवार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता ने अपने संबोधन में दिल्ली को बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों से मुक्त करवाने का आह्वान करते हुए वक्फ बोर्ड के अस्तित्व को समाप्त कर वक्फ बोर्ड की सारी चल अचल संपत्ति भारत सरकार के अधीन करने की पुरजोर मांग की। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद तिवारी ने अपने संबोधन में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के न्यायिक वाद में हिन्दू महासभा की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का पांच शताब्दी पुराना स्वप्न हिन्दू महासभा के 70 वर्षों तक चले न्यायिक वाद पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से ही साकार हो सका है। हिन्दू महासभा का अगला लक्ष्य काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी और श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा को विदेशी आक्रांताओं के प्रतीक चिन्हों से मुक्त करवाकर भव्य मंदिर का निर्माण करवाना है। हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में अधिवेशन को सफल बनाने के लिए उपस्थित प्रदेश कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने युवा समाजसेवी शिवा गोस्वामी को प्रदेश महामंत्री पद पर मनोनीत करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति शीघ्र करने का उद्घोष किया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री भगवान सिंह भाटी, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री केशव चंद्र मल्होत्रा, हिन्दू प्रबुद्ध सभा के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र यादव योगी, हिन्दू गौरक्षा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश माथुर दिल्ली प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्र स्वामी, प्रदेश सहप्रभारी विजय सोनकर, यशपाल सिंह, मुनेश भगत, सरजू सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित करते हुए हिन्दू महासभा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अधिवेशन का मंच संचालन हिन्दू महासभा के पूर्व महामंत्री रवि शर्मा ने किया।

# महिला कल्याण संगठन द्वारा महिला दिवस समारोह रेलवे ऑफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे आगरा के महिला कल्याण संगठन द्वारा महिला दिवस समारोह रेलवे ऑफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया। जिसमे रेलवे के विभिन्न विभागों से नामित महिला कर्मचारियों के साथ-साथ सांस्कृतिक समिति की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमती रितु अग्रवाल के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनने तथा अधिक कौशल विकास करने पर जोर दिया तथा समाज में महिलाओं को अधिक योगदान देने पर बल दिया। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गीत तथा नृत्य की प्रस्तुति सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रस्तुत की गई।

इस कार्यक्रम में महिला संगठन की अध्यक्षा के साथ-साथ सचिव श्रीमती अदिति मित्तल, कोषाध्यक्ष शालिनी वर्मा तथा संगठन की अन्य सदस्याओ ने भाग लिया और महिलाओं को महिला दिवस पर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिला दिवस के इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने भरपूर जोश तथा हर्षोल्लास से भाग लिया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में श्री राजेश कुमार क.हि नि. तथा श्री मुकेश कुमार मु.क.हि.नि. ने अपना योगदान दिया।

# हजरत मकसूद अली शाह बाबा का 30 वा सालाना उर्स संपन्न

**फतेहपुर सीकरी।** हजरत मकसूद अली शाह बाबा का 30 वा सालाना उर्स शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। उर्स में सज्जादा नशीन के सुपुत्र शाहरुख कुरेशी ने गुस्ल की रस्म को अदा किया। इसको लेकर मजार शरीफ में हज़ारों लोगों ने दुआ की और रमजान के मुबारक महीने में हाजी कल्लू के नाती शाहरुख कुरेशी ने लोगों रोजा इफ्तार पार्टी का भी आयोजन भी किया उर्स में लंगर तकसीम किया। वहीं बाद नमाज ईशा के संदल माली चादर गुल फातिहा ख्वानी व सलातो सलाम के बाद कव्वालीयों कार्यक्रम आयोजित हुआ । उक्त कार्यक्रम में दरगाह के सज्जादा नशीन के सुपुत्र पप्पू कुरैशी, नाती शाहरुख कुरेशी ,जीशान कुरैशी, सपा पूर्व नगर अध्यक्ष गब्बर कुरैशी ,यूनुस कुरैशी, जाने आलम, जहान कुरैशी, नोमान कुरेशी ,जहांगीर कुरैशी, प्रिंस कुरैशी, रिहान कुरेशी,अमन कुरेशी ,राजा कुरैशी, बॉबी कुरेशी, जीशान कुरैशी, खालिद कुरैशी, हाजी मंटू, अकलीम कुरैशी, सगीर कुरैशी, राशिद हसन, डॉक्टर मोहम्मद मुस्तकीम कुरैशी, सभासद प्रतिनिधि नकिम कुरैशी, अल्ताफ कुरेशी, वा सैकड़ो स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पराविधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र (पैरा लीगल वालेण्टियर) हेतु आवेदन आमंत्रित

**इच्छुक आवेदनकर्ता अपना आवेदन पत्र मय पहचान पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्रों सहित निर्धारित प्रारूप को भरकर 20 मार्च तक कर सकते हैं जमा**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 दिव्यानंद द्विवेदी ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा में जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर पराविधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र (पैरा लीगल वालेण्टियर) के रूप में कार्य करने के इच्छुक ऐसे व्यक्ति जिनकी रूचि सामाजिक सेवा में, दूरस्थ ग्रामों में स्थित निर्धन, असहाय, कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान में हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं, वे सभी व्यक्त्ति जो पढ़ने-लिखने में सक्षम हो, सेवानिवृत्त अध्यापक, सेवानिवृत्त शासकीय सेवक, वरिष्ठ नागरिक, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, विद्यार्थी, विधि विद्यार्थी जब तक वे अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत न किये गये हों, गैर राजनीतिक संगठन के सदस्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, एम.एस.डब्ल्यू विद्यार्थी हैं व राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तर पर खेलस्पर्धा में रूचि रखने वाले/विशेष योगदान रखने वाले, सामाजिक कार्य में रूचि रखने वाले व्यक्ति पराविधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र (पैरा लीगल वालेण्टियर) के रूप में कार्य करने के पात्र हैं और चयनित व्यक्ति को कृत कार्य के लिये वेतन, पारितोषक अथवा मजदूरी देय न होकर केवल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा द्वारा प्रत्येक माह में अधिकतम 20 कार्यदिवस का नियत मानदेय (400 रूपयें प्रति कार्यदिवस) के रूप में देय होगा। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि इच्छुक आवेदनकर्ता अपना आवेदन पत्र मय पहचान पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्रों सहित निर्धारित प्रारूप को भरकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी परिसर, गेट संख्या 04. आगरा के कार्यालय में दिनांक 20,03,2025 तक अपरान्ह 05: 00 बजे तक जमा कर सकते है।

# साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के चोंतीस लाख पचास हजार की धनराशि थाना साइबर क्राइम पुलिस ने कराई वापस

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पुलिस की त्वरित कार्यवाही 34,50,000 की साइबर ठगी धनराशि पीड़ित को वापस लौटाई। पुलिस आयुक्त आगरा जे.रविन्दर गौड़ एवं अपर पुलिस आयुक्त, संजीव कुमार त्यागी के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त, नगर सोनम कुमार एवं सहायक पुलिस आयुक्त के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम आगरा समय सिंह के निकटतम सुपरविजन में एक बड़ी सफलता प्राप्त की गई। साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के खाते में 34,50,000/ (चोंतीस लाख पचास हजार) की धनराशि वापस कराई गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

शिकायतकर्ता श्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, निवासी ए-606, थाना कमलानगर आगरा द्वारा थाना साइबर क्राइम, आगरा पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके साथ 34,50,000/की ठगी कर ली है। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक एवं संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया और ठगी की गई पूरी धनराशि होल्ड करवाकर पीड़ित के खाते में वापस कराई गयी। पीड़ित द्वारा साइबर क्राइम थाना पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा साइबर ठगी के विरुद्ध इतनी त्वरित व प्रभावी कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया गया । उक्त सराहनीय कार्य में बरामदगी करने में थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट आगरा की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई:- टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री समय सिंह, थाना साइबर क्राइम, कमिश्नरेट आगरा निरीक्षक श्री रामपाल सिंह (विवेचक) थाना साइबर क्राइम, कमिश्नरेट आगरा। प्रशिक्षु उपनिरीक्षक श्री अरूण कुमार थाना साइबर क्राइम, कमिश्नरेट आगरा शामिल थे।

**आवश्यक सूचना**

यदि किसी व्यक्ति के साथ वित्तीय साइबर फ्राड होता है तो 1930/ हेल्पलाइन नंबर पर तत्काल शिकायत दर्ज करायें।

# पुलिस ने गिरफ्तार किए तीन लुटेरे: लूट के बाद मंदिर में चढ़ाते थे कुछ रकम, फिर आपस में बांटते थे

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा में पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन पर 25 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इन पर विभिन्न जिलों में कई आपराधिक मुकदम में दर्ज हैं। मेलों में दुकान लगाकर यह आसपास के क्षेत्र में रेकी करते थे। बाद में लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। तीनों ही मध्य प्रदेश के दतिया के रहने वाले हैं। पूछताछ में बताया कि चोरी के बाद कुछ हिस्सा मंदिर में दानपात्र में भी डालते थे। थाना ताजगंज क्षेत्र में दिसंबर 2023 को एक लूट की घटना हुई थी। थाना डौकी निवासी भोलापुर बसई मंडी में आढ़त का काम करते थे। 8 दिसंबर 2023 को वह मंडी से सर्विस रोड होते हुए जा रहे थे। तभी पीछे से बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आए और उनका थैला लूट कर भाग गए। जिसमें पीड़ित के आधार कार्ड, हिसाब किताब का रजिस्टर और लगभग 45000 रुपए कैश रखा था। तभी से पुलिस इन तीनों की तलाश में जुटी थी। एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने बताया कि ताजगंज पुलिस क्षेत्र में चेकिंग और गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लूट के आरोप में वांछित 25 25 के तीनों इनामी अभियुक्त मासूम अभिषेक बच्चन चौराहे के पास हैं।पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों अभियुक्तों को रोहता चौराहे पर खोखे के पास से इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**रेकी कर लूट और छिनैती घटनाओं को देते थे अंजाम**

एसीपी सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि तीनों बदमाश अलग अलग क्षेत्र के मेलों में फड़ लगाकर दुकान लगाते थे। वहां से यह रेकी करते थे। बाद में यह बदमाश क्षेत्र में जाकर लूट और छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। तीनों शातिर अभियुक्त मासूम, अभिषेक और सिंधपाल मध्य प्रदेश के दतिया के रहने वाले हैं। इन पर 25 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है। अभियुक्त मासूम पर लगभग आधा दर्जन मुकदमे है। जिसमें मथुरा के थाना कोतवाली में एटा के थाना जलेसर में और आगरा के थाना ताजगंज व थाना पिनाहट व थाना अछनेरा पर इस पर मुकदमे दर्ज हैं।

**मंदिर में चढ़ाते थे कुछ हिस्सा**

पुलिस को आरोपियों ने बताया कि दतिया में इनके गांव में माता का मंदिर है। चोरी की वारदात के बाद ये सबसे पहले मंदिर जाकर वहां पर दानपात्र में चढ़ावा चढ़ाते थे। इसके बाद चोरी और लूट की रकम को आपस में बांटते थे।

**मध्य प्रदेश सिविल लाइन ने रहने वाले है आरोपी**

पकड़े गए अभियुक्त में मासूम पुत्र जोनी निवासी प्रकाश नगर थाना सिविल लाइन जनपद दतिया मध्य प्रदेश और अभिषेक पुत्र शाका निवासी प्रकाश नगर थाना सिविल लाइन जनपद दतिया मध्य प्रदेश और सिंधपाल पुत्र देवीचरन निवासी प्रकाशनगर थाना सिविल लाइन जनपद दतिया मध्य प्रदेश है। तीनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

**पुलिस टीम में ये रहे शामिल**

पुलिस टीम में थाना प्रभारी ताजगंज व प्रशिक्षु आईपीएस, आलोक राज नारायण, उप निरीक्षक नीलेश शर्मा, उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुशांक सिंह राघव, और मनीष चौधरी, कास्टेबल अभय प्रताप सिंह,और रवि कुमार शामिल थे।

# आरोपी की सजा बने नजीर, पीड़ित परिवार को मिले आर्थिक सहयोग की मांग को लेकर विश्वहिन्दू परिषद देगी डीएम को ज्ञापन

**हाथरस।** सादाबाद कोतवाली के कस्बा बिसावर में हुए दुखद घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद अति आवश्यक बैठक सर्कुलर रोड स्थित कूलवाल सजावट गैलरी में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक में मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा बिसावर में नाबालिग छोटी बच्ची के साथ किए गए दुष्कर्म पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई और इस कुकृत्य की घोर भर्त्सना की गई सभी ने संयुक्त रूप से इस तरह के कुकृत्य को करने वाले व्यक्ति के प्रति कठोर से कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने की प्रशासन से मांग की जिससे कि यह नजीर बन सके और आगे कोई ऐसा करने से पहले 100 बार सोचे, साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करने की मांग की, सभी ने संयुक्त रूप से सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधि मंडल कल दिनांक 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलेगा और इस संबंध में एक ज्ञापन प्रेषित करेंगा इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा जिला उपाध्यक्ष कैलाश कूलवाल जिला उपाध्यक्ष पदम सिंह जिला उपाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय जिला कोषाध्यक्ष मितिन सपड़िया जिला सह समरसता प्रमुख मनोज वार्ष्णेय जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुशवाह विभाग सह संयोजक बजरंग दल सह हर्षित गोड़ किशन भारती दीपू वार्ष्णेय सचिन राहुल चैधरी आदि उपस्थित रहे संचालन जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल द्वारा किया गया।

# सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र द्वारा ग्रामसभा कुकुवार में मिनी स्वास्थ्य कैम्प आयोजित



सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी लखनऊ के तत्वाधान सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र द्वारा विकास खण्ड पट्टी के ग्राम सभा कुकुवार में मिनी स्वास्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें एचआईवी, एसटीआई के साथ सामान्य रोगियों की जांच, परामर्श व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। कैंप में एसटीआई व एचआईवी टेस्ट किट्स द्वारा जांचे एवं सामान्य दावा वितरण किया गया। कैंप में एसएसके प्रबंधक अमित कुमार सरकार ने बताया कि संपूर्ण सुरक्षा केंद्र उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी लखनऊ द्वारा चलाया जा रहा है, अब एक ही जगह में एच0आई0वी0, टीबी, एस0टी0 व हेपेटाइटिस बी व सी की जांचे, परामर्श एवं निःशुल्क दावा व अठारह माह तक फॉलो किया जाएगा ताकि नेगेटिव क्लाइंट नेगेटिव ही रहे और पूर्ण रूप से स्वास्थ्य रहे। इस अवसर पर राहुल यादव परामर्श दाता ने बताया कि संपूर्ण सुरक्षा केंद्र अब आपके घर तक आके जांच कर रही हैं आप सभी इसमें भाग ले और स्वास्थ्य कैम्प का लाभ उठाएं। कैंप में डॉ अखिलेश जायसवाल, पूर्व ग्राम प्रधान रमाशंकर पांडेय, डॉ सलमा अजीज एलएमओ, डॉ बुशरा अनवर एलएमओ, डॉ राम कुमार सिंह एमओ, डॉ नागेंद्र यादव फिजिशियन, रूबी सिंह व अनीता एएनएम सहित मुहम्मद सर्वर, मो0 वसीम सिद्दिकी अरुण कुमार, आशा देवी, इंद्र प्रताप सिंह, बसंत लाल पांडे, प्रशांत सिंह, राजेश पांडे, सोना देवी, आरती पांडेय, अंतिमा आदि उपस्थित रहे।

# श्रीब्राह्मण महासभा ने किया भव्य होली मिलन समारोह

**हाथरस।** श्रीब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भव्यता के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में विप्र जनों ने होली मिलन समारोह में भाग लिया। होली मिलन समारोह में शामिल हुए सैकड़ो की संख्या में विप्र जनों को पीत पटिका पहना कर स्वागत किया गया, तथा फूलों की होली के साथ हर्षोल्लास के साथ भगवान परशुराम के जयकारों ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के उद्घोष के साथ मनाया गया। ब्रह्माण महासभा मुरसान गेट स्थित मोतीराम गेस्ट हाउस में विधी विधान के साथ भागवताचार्य गणेश पंडित आचार्य मनोज द्विवेदी व उनके सहयोगी आचार्य के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ वरिष्ठ विप्रजनो डॉ जितेंद्र स्वरुप शर्मा फौजी पंडित ऋषि कुमार कौशिक, पंडित उदयवीर, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजूल्न करके होली मिलन समारोह का उद्घाटन किया गया।

# बेटी की बरामदगी न होने पर गांव से पलायन के लगाये पोस्टर

**हाथरस।** सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला भूड़ निवासी एक परिवार ने बेटी की बरामदगी न होने और दबंगों की धमकी के चलते मकान पर गांव से पलायन करने के पोस्टर चस्पा कर दिये है। घर के बाहर पोस्टर लगाने वाले बेटी के पिता नेत्रपाल ने बताया कि उनकी बेटी को शानू, अतुल सुनील आदि उठा कर ले गये, जिसे लेकर उनके द्वारा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है, पर पुलिस ने उसे अभी तक बरामद नही किया है, जिसे लेकर हम लगातार पुलिस से मिल रहे है, पर उन्होने कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की, वहीं दबंग हमें धमकी दे रहे है। यदि पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती है तो हमें गांव से पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा, जिसके लिए हमने गांव से पलायन करने के पोस्टर अपने घर के आगे लगाये है। इसी माह पांच मार्च को दबंग मेरी बेटी को ले गये थे। वहीं पीड़िता के बाबा श्यामवीर सिंह ने बताया कि हमने एफआईआर करा दी है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। हमें वो दबंग लगातार धमकी दे रहे है। कोतवाली पुलिस ने होली के बाद बेटी को बरामद करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही पुलिस द्वारा नही की गयी। हाथरस पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि पीड़ित परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। पीड़ित परिवार द्वारा दी गयी शिकायत में जो नाम बताये गये है, उन्हे चिन्हित कर पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी है, अति से अति शीघ्र बच्ची को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# जनपद में हुई मां शीतला की पूजा

**हाथरस।** होली के पावन पर्व के बाद बासौड़ा( मां शीतला पूजा ) का पर्व भी हिंदू समाज के लोगों में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दिन लोग एक दिन पूर्व भोजन व पकवान बनाकर अगले दिन मंदिर-मंदिर जाकर देवी पूजन किया। सोमवार को बासोडा पूजा के तहत महिलाओं ने शहर की बाहरी सीमा की परिक्रमा की और माता की कृपा पाने हेतु सुरक्षा चक्र बनाया। मान्यता है कि चैत्र मास में बदलते मौसम के कारण विभिन्न बीमारियों का प्रकोप हो जाता है। इन बीमारियों को शांत करने के लिए शीतला माता व अन्य देवी को प्रसन्न करने के लिए सभी परिवार के साथ जनपद के सीयल पर पहुँचे जहाँ विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। कस्बा सासनी में भी मुहल्ला पथवारी, पीपल वाला मुहल्ला, चामण वाला मुहल्ला आदि जगहों पर होते हुए बासोडा की पूजा की। महिलाओं ने बासोडा पूजा में बासी पकवानों का भोग शीतला माता को अर्पित किया जाता है। इस दिन घर का चूल्हा नहीं जलता और कोई ताजा खाना नहीं पकाया जाता। जिससे शीतला माता की पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है।

## संपादकीय

# बदलती हवा के साथ

अभी जबकि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स को भारत में लाइसेंस हासिल नहीं हुआ है, एयरटेल भारती ने उसके साथ करार कर लिया है। नतीजतन स्पेसएक्स के खिलाफ मोर्चे में रियालंस जियो अकेली पड़ गई है। अभी पांच महीने नहीं हुए हैं, जब भारती एयरटेल कंपनी ने रिलायंस जियो के साथ साझा रुख लेते हुए भारत सरकार से कहा था कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के जरिए हो। यह मांग इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के विपरीत थी, जो यह सरकारी फैसले से आवंटन चाहती है। इस बीच अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने और उसमें मस्क को प्रमुख भूमिका मिलने से हवा का रुख बदल गया है। तो एयरटेल भारती को संभवत: महसूस हुआ कि स्पेसएक्स के भारत में प्रवेश को रोकना अब मुमकिन नहीं रहा। ऐसे में रुख बदल लेना उसने फायदेमंद समझा। और अब वह खुद भारत में स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा प्रदान करेगी। अभी जबकि स्पेसएक्स को भारत में लाइसेंस हासिल नहीं हुआ है, एयरटेल भारती ने उसके साथ करार कर लिया है। नतीजतन स्पेसएक्स के खिलाफ मोर्चे में रियालंस जियो अकेली पड़ गई है। वैसे संभव है कि भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा देने का लाइसेंस एक से ज्यादा कंपनियों को मिले। फिर भी 60 से ज्यादा देशों में यह सेवा दे रही स्पेसएक्स के साथ बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा। इस रूप में रिलायंस ग्रुप के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। वैसे ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं पर ध्यान दें, रिलायंस के लिए चुनौती सिर्फ यही नहीं है। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका से पेट्रोलियम की अधिक खरीदारी और अमेरिकी कंपनियों को भारत में 'समान धरातल' दिलवाने के लिए भी भारत पर दबाव बना रखा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के विभिन्न कारोबार में अमेजन एवं वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों से सीधी होड़ है। अब तक सरकारी नीतियों का संरक्षण उसे मिला हुआ है। लेकिन सूरत बदली, तो उससे भी उसके सामने नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। भारती एयरटेल के रुख से साफ है कि भारत के बहुत-से कारोबारी 'मुकाबला नहीं कर सकते, तो पीछे लग चलो' की नीति पर चल रहे हैं। मगर उन कंपनियों के लिए ऐसा करना कठिन है, जिनकी भारतीय अर्थ-जगत के विभिन्न क्षेत्रों पर एकाधिकार जैसी हैसियत है और अब उन्हीं क्षेत्रों में अमेरिकी कंपनी भी प्रवेश करना चाहती है।

# भारतीय मेधा के प्रतिनिधि आईपीएस मनीष शंकर

(राकेश अचल-विनायक फीचर्स)



भारतीय पुलिस सेवा के 1992 बैच के बहुचर्चित अधिकारी मनीष शंकर शर्मा के निधन की खबर जब साथी प्रवीण खारीवाल ने दी तो यकायक भरोसा नहीं हुआ,लेकिन अन्यान्य सूत्रों से जब इस खबर की पुष्टि हो गयी तो दिल बैठ गया। मनीष को इतनी जल्दी जाना नहीं चाहिए था। वे पुलिस में रहते हुए भी भारतीय मनीषा के अघोषित प्रतिनिधि थे।

कोई तीन दशक पुरानी बात है । मनीष ग्वालियर में हमारे पड़ोस में रहने आये थे । उन्हें ग्वालियर के थाटीपुर में हमारे घर के पीछे ही एक एफ टाइप बँगला आवंटित हुआ था । मिश्र डबरा में एसडीओ रह चुके थे और पदोन्नत होकर एडिशनल एसपी के रूप में ग्वालियर आये थे। अविवाहित थे, दिलखुश थे और मुझे सदैव भाई साहब कहकर सम्बोधित किया करते थे। मैं अक्सर मनीष से कहा करता था कि- आप गलत नौकरी में आ गए हैं। आपका व्यक्तित्व पुलिस के चाल,चरित्र और चेहरे से मेल नहीं खाता। वे हंसकर टाल जाते और कभी-कभी कहते पुलिस के इसी चेहरे को तो बदलना है भाई साहब !

मनीष के पिता श्री केएस शर्मा मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव रहे, लेकिन उन्हें इसका कोई दम्भ न था। वे बेहद सहज और मितभाषी थे। मनीष के विवाह में मैं ग्वालियर से भोपाल गया था। तत्कालीन पुलिस महानिदेशक अयोध्या नाथ पाठक और मनीष के पिता जी की जोड़ी का जलवा था । पाठक जी मेरे पुराने मित्र थे । उनके साथ ही हम पुलिस के मेहमान थे । लौटते में हमें मनीष की शादी के उपलक्ष्य में चांदी का एक सिक्का मिला था जो आज भी हमारे संग्रह में है और मनीष की हमेशा याद दिलाता रहता है।आज भी जब मनीष के जाने की दुखद खबर पढ़ी तो वो सिक्का हमारे हाथ में था।

मनीष में असाधारण प्रतिभा थी।मनीष शंकर शर्मा को एक उम्दा रणनीतिकार माना जाता था । अपनी तीन दशक की नौकरी में वे प्रदेश में कम विदेश में ज्यादा सक्रिय रहे। मनीष ने दुनिया के चार महाद्वीपों में सेवाएं दीं। वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध सक्रिय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी मनीष शंकर शर्मा को अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया । मनीष ने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल सिक्युरिटी, काउंटर टेररिज्म एंड पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी । मुझसे उम्र में कोई आठ साल छोटे मनीष शंकर शर्मा ने इंदौर के डेली कॉलेज से स्कूलिंग और भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज से ग्रेजुएशन किया था । मनीष ने बिड़ला इंस्टीट्यूट, पिलानी से मार्केटिंग में एमबीए भी किया। 1992 बैच में उनका आईपीएस में चयन हुआ।

वर्ष 1997 में करीब एक साल के वे संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत बोस्निया और हर्जेगोविना में प्रतिनियुक्ति पर चले गये। संयुक्त राष्ट्र मिशन से लौटने के पश्चात वे रायसेन, सतना, छिंदवाड़ा और खंडवा आदि जिलों में एसपी रहे। इस दौरान मनीष ने अपनी जवाबदेह कार्यशैली, दूरदर्शिता, क्राइम कंट्रोल, लॉ एंड ऑर्डर में सुधार और व्यवहार कुशलता से अलग पहचान कायम की, खासकर कमजोर तबके को न्याय दिलाने की इनकी प्रतिबद्धता जग-जाहिर थी। फरवरी 2005 में मनीष शंकर शर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए, जहां मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन के अंतर्गत उन्हें करीब तीन वर्षों के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी का सिक्योरिटी डायरेक्टर बनाया गया। यहां देशभर के 114 एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी इनके ऊपर थी।अगस्त 2008 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने उन्हें टी बोर्ड इंडिया के लिये वेस्ट एशिया एंड नॉर्थ अफ्रीका का डायरेक्टर बनाया । अपने करीब तीन साल की पोस्टिंग के दौरान इन्होंने टी बोर्ड के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सितंबर 2011 में मनीष मध्यप्रदेश कैडर लौट आये। मुझे याद आता है कि मनीष ने आईजी, भोपाल के तौर पर पुलिस सर्विस रिफॉर्म पर जोर दिया और पुलिस सर्विस में समय से प्रमोशन, पुलिसकर्मियों की समस्या के समाधान और पुलिसकर्मियों को सुविधा पर विशेष ध्यान दिया। जिससे वे जनता के साथ पुलिसकर्मियों में भी लोकप्रिय हुए।? मई 2017 में उनकी पदोन्नति एडीजीपी के पद कर हुई। मनीष शंकर शर्मा ने आईएसआईएस की स्थापना, उसके मकसद, कार्यप्रणाली, वित्तीय संसाधनों पर वृहद अध्ययन किया, साथ ही इस पर काबू पाने के लिए एक वैश्विक रणनीति का तरीका भी बनाया।

## शब्द सामर्थ्य -356


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 355 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |



## आखिर क्यों पिटती है पुलिस हर सूबे में ?

एक छोटा सा सवाल है कि आखिर देश के हर हिस्से में पुलिस क्यों पिटती है ? क्या देश में जनता को खाकी वर्दी से अब डर नहीं लगता जबकि पुलिस की वर्दी का दूसरा नाम ही खौफ है। मध्यप्रदेश के मऊगंज से लेकर भागलपुर तक और भागलपुर से लेकर जहानाबाद तक पुलिस को पिटते देख ये सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि हिंदुस्तान में आखिर क्या वजह है जो पुलिस का इकबाल मिटटी में मिल गया है ? सबसे पहले मध्यप्रदेश के मऊगंज की बात करते हैं। मऊगंज में न कोई अबू आजमी है और न किसी औरंगजेब की कब्र ,लेकिन यहां जो बवाल हुआ उसमें एक पुलिस कर्मी की मौत हो गयी और अनेक घायल हो गए। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के गड़रा गांव में दो गुटों के बीच झगड़े की कीमत पुलिस को चुकानी पड़ी। पुलिसकर्मियों के झड़प ने ऐसा स्वरूप लिया कि एक एएसआई रामचरण गौतम की जान चली गई। वहीं तहसीलदार समेत कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।यहां न कोई हिन्दू था और न कोई मुसलमान। पक्षकार आदिवासी थे ,लेकिन वे पुलिस पर भारी पड़े। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## भारत के आर्थिक विकास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की भूमिका

लव कुमार मिश्रा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश भर में कोयला, बिजली, सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख संसाधनों की आवाजाही को सुगम बनाकर भारत की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । 2003 में अपनी स्थापना के बाद से, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिलासपुर में इस क्षेत्र का उद्घाटन किया था, तब से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे माल और यात्री दोनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है ।

बिलासपुर में मुख्यालय वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों में परिचालन करता है । यह केंद्रीय रूप से स्थित क्षेत्र कोयले के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है, जो इसके तत्काल भौगोलिक क्षेत्र से परे थर्मल पावर प्लांट और उद्योगों का समर्थन करता है । आवश्यक संसाधनों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करके इस रेल्वे ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

# हारिये न हिम्मत

प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

जिससे इस जीवन के जंग में हमारी और हार ऐसे में कभी नहीं होगी । जीवन में डर से बड़ा साहस है । ये दुनिया जब -जब हमें आजमाती हैं,हमारे रास्तों में



मुश्किलें बिछाती है, हर हाल में हमें तोड़ना चाहती हैं, हमारा साथ छोड़ जाती है । हमको उस डर से हाँ ? उस डर से बाहर निकलना है साहस जुटाना है । हमको जीवन में हार न मानने का जज्बा और अडिग हौसला हमेशा आगे बढ़ाएगा। हमारे आगे आखिरकार धरती हिल जाएगी, वह आसमां झुक जाएगा क्योंकि हमारे जीवन में भय-विस्मय का अंत होते ही आते हुए दुख पसंद आएँगे , क्योंकि अपने कर्म ज्यादा व बातें चंद होगी और साहस इतना बुलंद की दुखों का पहाड़ टूटने पर भी, सर उठाकर हम सतत् चलते जाएँगे । जीवन में बहादुरी का वही सिकंदर है जिसकी सबसे प्रीत है । जीवन का ज्ञान यही है की डर के आगे जीत है । जीवन में अभय हममें शक्ति का संचार करता है । हमें अभय निर्भार करता है । हमें भय कमजोर बनाता है। हम अपनें जीवन में भय मुक्त बनकर ही लक्ष्य तक पहुंच पाते है । हमने अपने आसपास आराम के सुख के हर साधनों का प्रबंध कर रखा है, जो हमें आनंद का आभास कराता है पर जीवन में सच्चा आनंद तो निष्काम सेवा बिना किसी कामना के बदले में कुछ ना चाहते हुए किसी के काम आना हैं। जीवन में अन्धकार को तो सब कोसते हैं पर दीपक जलाने की हिम्मत कौन करेगा ? हमारी सोच से अच्छा और सकारात्मक किसी की मदद का जज़्बा हो तो ये हमारा जीवन जीते जी स्वर्ग बन जाएगा।

## राशिफल

**मेष**
आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा, परिवार में फिर से खुशियां आएंगी। आज अपने नियमित कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बिताएंगे। किसी सामाजिक गतिविधि में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेगा। कहीं फंसा हुआ पैसा आज वापस सकता है। आज किसी भी परिस्थिति में संतुलित रहेंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं। लेकिन इन गतिविधियों का आपके मान-सम्मान पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। आज शुभ

**वृषभ**
आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज व्यवसाय में बड़ा मुनाफा होने जैसी स्थिति बनी हुई है। आज निर्णय लेने से पहले अपने परिवारवालों की सलाह लेना न भूले। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है। आज पारिवारिक व्यवस्था को लेकर कुछ खरीदारी करने मार्केट जाएंगे। आज आपसी सामंजस्य द्वारा परिस्थितियों को संभालने का प्रयास करेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। काम पूरा होने पर टीचर से शाबाशी मिलेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी पूरा होने से रिलैक्स फील करेंगे। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। अगर आपका पैसा कहीं रुका हुआ है तो आज वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क**
आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। आज शांतिपूर्ण तरीके से समस्या को सुलझाने का प्रयास करें। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम करना पड़ सकता है। आज घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे है। लवमेट के साथ आज मूवी देखने जाएंगे।

**कन्या**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। अगर आज आप किसी प्रकार का निर्णय लेना चाहते हैं, तो किसी बड़े की सलाह जरूर ले लें। कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियां आएंगी। इस राशि के सरकारी विभाग के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। लवमेट अपने रिश्ते की जानकारी घरवालों को देंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की चल रही बात जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। आज बाहर के खाने को जहाँ तक हो सके अवॉयड करें। दोस्तों के साथ आज मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। कई दिनों से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको राहत मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दोस्त आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं, जिसे आप निराश नहीं करेंगे। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। अनचाहे भय से छुटकारा मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। मेडिटेशन करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**धनु**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर में आ रही समस्याएं समाप्त होंगी। आपके मनपसंद जगह आपका ट्रांसफर होगा। आज आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। इस राशि के लवमेट की गलतफहमियां खत्म होंगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**मकर**
आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा। कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी समझदारी से करनी चाहिए। लवमेट की कॉल पर लम्बी बात होगी। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। बच्चे आप अपने मन-पसंद ड्रेस के लिए आपसे कहेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दांपत्य जीवन में आज नई-नई खुशियां आएंगी। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की सैलरी में बढ़ोतरी होगी। साथ ही पदोन्नति भी होने के योग बने हुए है। लवमेट आज घूमने जाएंगे, साथ में लंच करेंगे। आज आपके व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

**मीन**
आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। आज कार्यों में भाई व बहनों का सहयोग मिलेगा। लवमेट आज शॉपिंग करने जाएंगे। किसी बड़ी कंपनी के साथ आपकी डील फिक्स होने की संभावना है। अपने दांपत्य जीवन में सुख की अनुभूति होगी।

# नाम चमकाने रोहित शर्मा पर टिप्पणी

अजीत द्विवेदी

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर बहस छिड़ी है। निकट अतीत में शायद ही कोई ऐसा खिलाड़ी होगा, जिसको लेकर इतनी बार बहस और विवाद हुए होंगे। अभी ज्यादा समय नहीं बीता, जब उनको मुंबई की आईपीएल क्रिकेट टीम के कप्तान से हटाने पर विवाद हुआ था। टेस्ट क्रिकेट में कप्तान रहते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से बाहर किए जाने का विवाद भी पुराना नहीं है। टी20 से संन्यास लेने पर भी विवाद हुआ, जो अब तक चल रहा है। परंतु दूसरी ओर रोहित शर्मा इस देश के लोगों का सबसे ज्यादा प्यार और समर्थन पाने वाले खिलाडि़यों में भी शामिल हैं। लोग उनकी बैटिंग के दिवाने हैं तो फील्ड में उनकी मौजूदगी, उनके हावभाव, कप्तानी करने का तरीका भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देता है। इस बार वे एक अलग किस्म की बहस में घिरे हैं। कांग्रेस पार्टी की एक अनजान सी प्रवक्ता ने अपना नाम चमकाने के लिए रोहित शर्मा पर टिप्पणी की। शमा मोहम्मद नाम की इस प्रवक्ता ने कहा कि रोहित मोटे हैं और भारत के सबसे असफल कप्तानों में से एक हैं। सोशल मीडिया में की गई उनकी टिप्पणी को लेकर देश, समाज, राजनीति और मीडिया बंटे हुए हैं। हालांकि क्रिकेट बिरादरी में इस पर एक राय है कि यह बेहूद बयान है, जिसके पीछे कोई तर्क या तथ्य नहीं है। ( बाकी देश, राजनीति, समाज और मीडिया खास कर सोशल मीडिया में जो बहस और वैचारिक विभाजन है वह इस बयान की गुणवत्ता पर नहीं है। वहां बहस मोटे तौर पर राजनीतिक, जातीय और सांप्रदायिक हो गई है। एक बड़ा वर्ग शमा मोहम्मद के पक्ष में यह कह कर खड़ा हुआ है कि रोहित शर्मा ब्राह्मण हैं और शमा मोहम्मद मुस्लिम हैं इसलिए ब्राह्मणवादी व सांप्रदायिक मीडिया इस पर आपत्ति कर रहा है, अन्यथा इस बयान में कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने अपनी प्रवक्ता का पोस्ट डिलीट करा दिया है लेकिन उसकी प्रवक्ता का समर्थन करने वाला वर्ग वही है, जो राहुल गांधी के जाति नैरेटिव का समर्थन करता है और मीडिया से लेकर नौकरशाही और यहां तक की मिस इंडिया में भी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व खोजता है।

दूसरी ओर रोहित का समर्थन करने वाला एक बड़ा वर्ग उनके पक्ष में आंकड़े और तर्क पेश कर रहा है लेकिन एक वर्ग निश्चित रूप से ऐसा है, जो मुस्लिम और पाकिस्तान का मुद्दा इसमें घुसा रहा है। हकीकत यह है कि रोहित शर्मा को इन दोनों में से किसी के प्रमाणपत्र की जरुरत नहीं है। भारत ही नहीं, बल्कि विश्व क्रिकेट के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक सुनील गावसकर ने क्रिकेटिंग लॉजिक्स के हिसाब से रोहित शर्मा का पक्ष रखा है और कांग्रेस प्रवक्ता के बयान को गैरजरूरी और गलत बताया है।



असल में कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने बयान जिस मकसद से दिया था उनका वह मकसद पूरा हो गया है। देश भर के लोग उनका नाम जान गए हैं। उनके नाम पर बहस हो रही है। उनके मुस्लिम होने भर से उनके बयान के गुणदोष में गए बिना भाजपा विरोधी इकोसिस्टम उनका समर्थन और बचाव कर रहा है। यह स्थापित किया जा रहा है कि मुस्लिम होने की वजह से उनको निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? और जो उन्होंने कहा है क्या उसकी पड़ताल नहीं होनी चाहिए? उन्होंने जो कहा है और जो लोग भी उनका बचाव कर रहे हैं, उन सबको इस बयान के असली मकसद के बारे में जानना चाहिए और यह भी जानना चाहिए कि तथ्यात्मक रूप से यह कितना गलत है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने यह बयान सिर्फ लाइमलाइट में आने के लिए दिया यह मानने का आधार यह तथ्य है कि इससे पहले क्रिकेट पर उन्होंने कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं डाली है।

उनके एक्स हैंडल पर कई महीनों में कोई पोस्ट क्रिकेट या किसी खिलाड़ी को लेकर नहीं आई है, जबकि इस दौरान खूब क्रिकेट खेली गई है। विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत की बधाई उन्होंने जरूर दी है लेकिन उससे पहले इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान या न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत पर उनकी कोई पोस्ट नहीं है। अगर वे क्रिकेट की प्रशंसक होतीं और क्रिकेट से जुड़े पोस्ट डाल रही होतीं तो उनकी इस पोस्ट पर कोई सवाल नहीं उठता। चूंकि यह एक रैंडम पोस्ट है। इसलिए जाहिर है कि ध्यान खींचने के लिए यह लिखा गया। अब रही बात रोहित शर्मा के मोटे होने की तो यह एक तथ्य है, जिससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। इसके बावजूद रोहित शर्मा टीम में चुने जाने के लिए सारे जरूरी फिटनेस टेस्ट पास करते हैं तभी उनको चुना जाता है।

इन दिनों चयन समिति के पास नाम जाने से पहले सभी खिलाडियों को मुश्किल फिटनेस टेस्ट से गुजरना होता है। वे टीम में चुने जा रहे हैं इसका मतलब है कि फिटनेस टेस्ट पास कर रहे हैं। इसलिए उनके वजन या उनकी शारीरिक संरचना पर सवाल उठाना ठीक नहीं होगा। यह एक तरह से उनकी शारीरिक संरचना का जिक्र करके उनका मजाक उड़ाना या उनका अपमान करना है। इसी तरह की शारीरिक संरचना वाले सरफराज खान या कुलदीप यादव या मोहम्मद समी जैसे कई खिलाड़ी भारतीय टीम में हैं। कई सर्वकालिक महान खिलाड़ी इसी शारीरिक संरचना वाले रहे हैं।

श्रीलंका को विश्व कप जिताने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले अर्जुन रणातुंगा और अरविंद डिसिल्वा या पाकिस्तान को विश्व कप जिताने में बड़ी भूमिका निभाने वाले इंजामामुल हक और जावेद मियांदाद को जिसने खेलते देखा है वह रोहित शर्मा के बारे में ऐसी बातें नहीं कर सकता है। शेन वॉर्न और उनसे पहले डेविड बून, मैथ्यू हेडन, ग्राहम गूच, एलन बॉर्डर तक सैकड़ों खिलाडियों की मिसाल दी जा सकती है, जो शमा मोहम्मद के मोटापे की परिभाषा के दायरे में आते हैं। लेकिन सबने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बड़ा मुकाम बनाया, जैसा कि रोहित शर्मा ने बनाया है। क्रिकेट कौशल का खेल है इसलिए खिलाडियों को उस कसौटी पर कसना चाहिए। एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में रोहित शर्मा का रिकॉर्ड ऐसा है, जो उनको सर्वकालिक महान खिलाड़ी और सर्वकालिक महान कप्तान की श्रेणी में शामिल कराता है। उनको असफल कप्तान कहने वाली कांग्रेस की प्रवक्ता को शायद पता नहीं होगा कि रोहित क्रिकेट इतिहास के इकलौते कप्तान हैं, जो अपनी टीम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल यानी आईसीसी की हर टूर्नामेंट के फाइनल में लेकर गए हैं। उनकी कप्तानी में भारत वनडे क्रिकेट के फाइनल में पहुंचा और टी20 क्रिकेट का विश्वकप जीता। उनकी कप्तानी में टीम अभी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। उनकी कप्तानी में भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंचा था। इसके अलावा उनकी कप्तानी में भारत दो बार एशिया कप जीत चुका है।

# पाकिस्तान : सिंधु नदी पर नहरों के निर्माण का विरोध, सिंध में प्रदर्शनों का सिलसिला जारी

**सिंध ,एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर नई नहरों के निर्माण का विरोध बढ़ता जा रहा है। इन परियजोनाओं के लिए खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। नेशनल ट्रेड यूनियन फेडरेशन पाकिस्तान (एनटीयूएफ) और युवा संगठन की ओर से कराची के प्रेस क्लब में सिंधु नदीः सिंध की जीवनरेखा खतरे में शीर्षक से एक सेमिनार आयोजित किया गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सेमिनार में वक्ताओं ने सिंधु नदी के क्षरण से उत्पन्न पारिस्थितिक और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। वहीं चोलिस्तान परियोजना और सिंधु नदी पर अन्य नहरों के खिलाफ पाकिस्तान फिशरफोक फोरम की रैली में राजनीतिक और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में मछुआरों ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि सिंधु नदी पर न नहरें, न बांध और न कट हों।

पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रांत में आयोजित विरोध प्रदर्शनों और रैलियों में लोगों की असामान्य रूप से व्यापक भागीदारी देखी गई। सड़क पर उतरे लोग सिंधु नदी



पर छह और नहरों के निर्माण की परियोजना को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। इस सप्ताह की शुरुआत में, छह नई नहरों के निर्माण पर संसद के संयुक्त सत्र में पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के भाषण को सिंधु नदी बचाओ आंदोलन (एसआईआरएम) ने खारिज कर दिया और असंवैधानिक परियोजनाओं के खिलाफ प्रांतव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की। नहर परियोजनाओं को कथित रूप से मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति जरदारी की आलोचना करते हुए, एसआईआरएम नेताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मांग की कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) संघीय सरकार से बाहर हो जाए।

एसआईआरएम के संयोजक सैयद जैन शाह ने चेतावनी दी कि इन परियोजनाओं से सिंध की कृषि नष्ट हो जाएगी, शहरों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा, सिंधु नदी के सूखने से पारिस्थितिकी तंत्र ध्वस्त हो जाएगा और भूमिगत जल संसाधन खत्म हो जाएंगे, केवल कॉर्पोरेट को लाभ होगा। शाह ने नहर परियोजनाओं पर राष्ट्रपति जरदारी के बयान को खारिज कर दिया और मांग की कि अस्पष्ट बयान देने के बजाय राष्ट्रपति को नई नहरों को मंजूरी देने वाली अधिसूचना को रद्द कर देना चाहिए।

इससे पहले फरवरी में, सिंध की राष्ट्रवादी पार्टियों ने नहरों के निर्माण के विरोध में प्रांत के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया था।

# यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 53 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा घायल

**सना ,एजेंसी।** यमन की राजधानी सना में रातभर हुए अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत कम से कम 53 लोग मारे गए। हूती द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमलों में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

अमेरिका ने यमन के ईरान समर्थित हूतियों विद्रोहियों के खिलाफ अपने हमलों को तेज कर दिया है। शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के साथ एकजुटता में लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने वाले विद्रोहियों के खिलाफ अत्यधिक घातक बल का उपयोग करने की शपथ ली।

यमन की राजधानी सना और अन्य क्षेत्रों में कई अमेरिकी हमलों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। हूती लड़ाकों ने भी जवाबी कार्रवाई में तेजी लाने की कसम खाई है, क्योंकि अक्टूबर 2023 में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से उन्हें सबसे बड़े हमलों में से एक का सामना करना पड़ सकता है।

अमेरिका ने रविवार आधी रात से यमन में कई ठिकानों पर रातभर हवाई हमले किए, जिनमें राजधानी सना और हूती के गढ़ सदा प्रांत समेत अन्य स्थान शामिल थे।

ट्रंप ने कहा कि हूतियों को लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर अपने हमले बंद करने चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर ऐसे हमले किए जाएंगे जो पहले कभी नहीं देखे होंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को सीबीएस न्यूज को बताया कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक ईरान समर्थित लड़ाकों के पास अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने की क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हो जाती।

हूती लड़ाकों ने बार-बार लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना बना रहे हैं और दो जहाजों को डुबो चुके हैं। वे इसे गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता का कार्य बताते हैं, जहां इजरायल हमास के साथ युद्ध में है, जो ईरान का एक और सहयोगी है।

विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि पिछले 18 महीनों में, हौतियों ने अमेरिकी नौसेना पर सीधे 174 बार हमला किया और निर्देशित सटीक एंटी-शिप हथियार का उपयोग करके 145 बार कमर्शियल शिपिंग को निशाना बनाया।

जनवरी में गाजा में युद्ध विराम लागू होने के बाद से हमले बंद हो गए थे। पिछले हफ्ते, हूतियों ने कहा था कि वे इजरायली जहाजों पर हमले फिर से शुरू करेंगे, क्योंकि इस महीने इजरायल ने गाजा में मानवीय सहायता का प्रवाह रोक दिया था। लेकिन तब से किसी भी जहाज पर हमले की कोई सूचना नहीं है।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज ने रविवार को एबीसी न्यूज को बताया कि इन हमलों में कई हूती नेताओं को निशाना बनाया और उन्हें मार गिराया गया। हालांकि, उन्होंने उनकी पहचान नहीं बताई और न ही कोई सबूत दिया।

मार्को रुबियो के अनुसार, हूतियों की कुछ सुविधाएं नष्ट कर दी गई हैं।

मीडिया आउटलेट्स ने हूतियों के राजनीतिक ब्यूरो के हवाले से बताया कि विद्रोही अमेरिकी हमलों का जवाब देंगे और बढ़ते तनाव का जवाब बढ़ते तनाव से देंगे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति को खूब पसंद आया पीएम मोदी का पोडकास्ट, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार सुबह (भारतीय समयानुसार) अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीब तीन घंटे का लंबा पॉडकास्ट शेयर किया।

अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ उनका यह पॉडकास्ट चर्चा का विषय बना हुआ है। बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने ट्रंप के साथ अपने सौहार्दपूर्ण संबंधों के बारे में बात की। उन्होंने ट्रंप की 'विनम्रता' की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की तुलना में दूसरे कार्यकाल के लिए कहीं अधिक तैयार दिखाई दिए।



पीएम मोदी ने हाल ही में हत्या के प्रयास के बाद भी ट्रंप के दृढ़ संकल्प और अमेरिका के प्रति उनके अटूट समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, गोली लगने के बाद भी वह अमेरिका के प्रति अडिग रहे। उनका जीवन उनके देश के लिए था। इससे उनकी अमेरिका फर्स्ट भावना का पता चलता है, ठीक वैसे ही जैसे मैं राष्ट्र प्रथम ड्ड भारत प्रथम में विश्वास करता हूं।

प्रधानमंत्री ने 2019 में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि ट्रंप ने दर्शकों के बीच बैठना चुना और इसे उनकी विनम्रता का प्रमाण बताया।

व्हाइट हाउस की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे ट्रंप प्रोटोकॉल तोड़कर व्यक्तिगत रूप से उन्हें राष्ट्रपति निवास के दौरे पर ले गए।

उनसे जब ट्रंप की पिछली टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि पीएम मोदी बेहतर वार्ताकार हैं, तो प्रधानमंत्री ने इसका श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति की शालीनता और विनम्रता को दिया। पीएम मोदी ने कहा, उनके दिमाग में एक स्पष्ट रोडमैप है, जिसमें अच्छी तरह से परिभाषित कदम शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक को लक्ष्यों की ओर ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ता के लिए उनका अपना दृष्टिकोण हमेशा भारत के हितों से प्रेरित होता है।

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए, पीएम मोदी ने टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के साथ अपने पुराने संबंधों को भी याद किया, जो गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से जारी है। उन्होंने अपनी हालिया मुलाकात को गर्मजोशी और पारिवारिक बताया, जिसमें डीओजीई (सरकारी दक्षता विभाग) के लिए मस्क के उत्साह का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जनरेटर में जोरदार धमाका होने से पूरे देश की चली गई बिजली, पानी के लिए तरसे लोग

**पनामा ,ए.।** ला चोरेरा थर्मोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट के एक जनरेटर में विस्फोट के बाद पनामा में पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। मध्य अमेरिकी देश पनामा में रविवार को पूरे देश की बत्ती गुल हो गयी। जानकारी के अनुसार जब जनरेटर में विस्फोट हुआ तो उसमें भयंकर आग लग गई। वहीं, पूरे देश की बत्ती जाने के बाद राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो भी इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जेनेरेटर के फटने के बाद ऐसे हालात पैदा हो गए। इंस्टीट्यूट ऑफ एक्वाडक्ट्स एंड सीवर्स (आईडीएएन) ने कहा कि ब्लैकआउट के कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मुलिनो ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इसमें राजधानी पनामा सिटी के दक्षिण-पश्चिम में एक प्रतिष्ठान में विस्फोट दिखाया गया है। उन्होंने लिखा, सेवाएं धीरे-धीरे बहाल कर दी जाएंगी।

### नाइट क्लब में चल रहा था स्द्ब1द्ग स्द्धश्2, भड़क उठी आग... 51 लोगों की जलकर मौत

**कोकानी ,ए.।** उत्तरी मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी में देर रात एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने से कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 से अधिक घायल हो गए। देश के गृह मंत्री पांसे तोशकोवस्की ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह दुखद जानकारी दी। तोशकोवस्की ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार देर रात 2ः35 बजे एक पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान लगी। उन्होंने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा कि क्लब में मौजूद युवाओं द्वारा आतिशबाजी करने के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद से मृतकों और घायलों के परिवार के सदस्य अस्पतालों और कोकानी में विभिन्न कार्यालयों के बाहर एकत्रित होकर अधिकारियों से अपने प्रियजनों के बारे में अधिक जानकारी की मांग कर रहे हैं। गृह मंत्री ने यह भी बताया कि पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, हालांकि उन्होंने गिरफ्तार व्यक्ति की संलिप्तता के बारे में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री अर्बेन तरावरी ने बताया कि इस हादसे में घायल हुए 118 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों ने भी इस त्रासदी में सहायता करने की पेशकश की है। तरावरी ने पत्रकारों से कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में प्रभावित युवाओं की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह घटना हाल के दिनों में देश में हुई सबसे भयानक त्रासदियों में से एक है। प्रधान मंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा, यह मैसेडोनिया के लिए एक कठिन और बहुत दुखद दिन है। इतने सारे युवाओं की जान जाना अपूरणीय क्षति है, और परिवारों, प्रियजनों और दोस्तों का दर्द अथाह है। सरकार और लोग मिलकर उनके दुख को कम करने और इस मुश्किल घड़ी में उनकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### बांग्लादेश : रेप के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार्रवाई, बीएनपी ने साधा यूनुस सरकार पर निशाना

**ढाका ,ए.।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्र कार्यकर्ताओं पर हाल ही में हुए हमलों के लिए मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार की आलोचना की। प्रदर्शनकारी गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी को हटाने की भी मांग कर रहे हैं। प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने हालात को गंभीर बताया। उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रहने के लिए अंतरिम सरकार पर निशाना साधा साथ ही प्रदर्शन कर रहे 12 छात्र नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की आलोचना की।



## संक्षिप्त समाचार

### हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, फार्मा और ऑटो सेक्टर में तेजी

**मुंबई ,एजेंसी।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को भारतीय इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में फार्मा और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.32 बजे सेंसेक्स 504.88 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 74,333.79 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 164.00 अंक या 0.73 प्रतिशत बढ़कर 22,561.20 पर पहुंच गया। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, सेंसेक्स 74,550 के आसपास बना हुआ है और मुनाफावसूली के कारण इसकी गति धीमी हो गई है। इंडेक्स को 73,600 के स्तर पर शॉर्ट-टर्म सपोर्ट मिला है, जिसे अभी बनाए रखने की जरूरत है। पीएल कैपिटल ग्रुप की तकनीकी शोध उपाध्यक्ष वैशाली पारेख ने कहा, आने वाले दिनों में और तेजी का अनुमान लगाने के लिए 75,000 लेवल से आगे एक निर्णायक कदम उठाना जरूरी है। आज सेंसेक्स के लिए सपोर्ट 22,300 के लेवल पर देखा जा रहा है, जबकि प्रतिरोध 22,600 के स्तर पर देखा जा रहा है। इस बीच, निफ्टी बैंक 259.95 अंक या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 48,320.35 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 183.30 अंक या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 48,308.40 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 62.15 अंक या 0.42 प्रतिशत चढ़कर 14,959.50 पर था। विशेषज्ञों ने कहा कि निकट भविष्य में बाजार का रुझान स्थिर रहने की संभावना है। एफआईआई आउटफ्लो में लगातार गिरावट का ट्रेंड और पिछले सप्ताह अमेरिका के मुकाबले भारत का बेहतर प्रदर्शन सकारात्मक कारक हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इस पॉजिटिव ट्रेंड को वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि में 6.2 प्रतिशत का उछाल, जनवरी में आईआईपी में 5 प्रतिशत का उछाल और फरवरी में सीपीआई मुद्रास्फीति में 3.61 प्रतिशत की गिरावट से सपोर्ट मिला है। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स रहे। जबकि इंफोसिस, जोमैटो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप लूजर्स रहे। पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 1.65 प्रतिशत चढ़कर 41,488.19 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 2.13 प्रतिशत बढ़कर 5,638.94 पर और नैस्डैक 2.61 प्रतिशत बढ़कर 17,754.09 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में बैंकॉक और जकार्ता लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। जबकि जापान, सोल, चीन और हांगकांग हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 13 मार्च को 792.90 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 1,723.82 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी 2025-26 तक नेट वाटर पॉजिटिव बनने के लिए प्रतिबद्ध

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ने कहा कि वह वित्त वर्ष 2025-26 में नेट वाटर पॉजिटिव होने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए कंपनी साफ पानी की अपनी खपत को घटाएगी और पानी के पुनर्चक्रण पर जोर देगी। कंपनी वित्त वर्ष 2022-23 में ही 200 मेगावाट से अधिक क्षमता वाले परिचालन स्थानों पर पहले ही नेट वाटर पॉजिटिव बन चुकी है और उसका लक्ष्य सभी आगामी प्रोजेक्ट्स पर सौर मॉड्यूल की सफाई के लिए मीठे पानी का उपयोग बंद करने के लिए रोबोटिक सफाई को लागू करना है। नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में सौर पैनल रखरखाव जैसे कार्यों के लिए पानी की काफी आवश्यकता होती है। 12.5 गीगावाट से अधिक परिचालन परिसंपत्तियों वाली देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी जल प्रबंधन में अग्रणी है।

## धोनी ने 6 साल बाद मान ली अपनी गलती, बोलेः

# नो बॉल विवाद पर मैदान में नहीं घुसना चाहिए था

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में एक ऐसे पल का खुलासा किया, जिसका उन्हें सबसे ज़्यादा अफ़सोस है। धोनी ने 6 साल बाद अपनी उस गलती को माना है जब उन्होंने अपना आपा खो दिया था।

धोनी ने बताया कि 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स मैच के दौरान मैदान पर वॉकआउट करना उनके आईपीएल करियर की सबसे बड़ी गलती थी। ये घटना मैच के अंतिम ओवर में हुई, जब बेन स्टोक्स ने धीमी गति की गेंद फेंकने की कोशिश की और गेंद उनके हाथ से फिसल गई और कमर तक ऊंची फुल टॉस हो गई। स्ट्रेट अंपायर ने इसे नो-बॉल करार दे दिया, लेकिन स्क्वायर लेग अंपायर ने इस फ़ैसले को खारिज कर दिया।



इससे धोनी भड़क गए और उन्होंने मैदान में घुसकर अंपायर से बहस की। अंपायरों से खूब बातचीत करने के बाद भी फैसला नहीं बदला गया और धोनी को गुस्से में मैदान से बाहर जाते हुए देखा गया। अब मास्टरकार्ड के एक कार्यक्रम में मंदिरा बेदी से बात करते हुए, धोनी से पूछा गया कि क्या उन्होंने भी कभी अपना आपा खो दिया था। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि ऐसा कई बार हुआ है और उन्होंने 2019 में मैच में हुई घटना का ज़िक्र भी किया।

धोनी ने कहा, ऐसा कई बार हुआ है। आईपीएल के एक मैच के दौरान मैं मैदान पर चला गया था। ये एक बड़ी गलती थी। इसके अलावा, ऐसे कई उदाहरण हैं, जब कुछ ऐसा हुआ है, जो हमें परेशान कर सकता है, क्योंकि हम ऐसा खेल खेलते हैं, जिसमें दांव बहुत ऊंचे होते हैं। आपको हर मैच जीतना होता है। इसलिए मैं कहता हूं कि जब आप किसी बात पर गुस्सा या निराश हों, तो अपना मुंह बंद रखें और उससे दूर रहें। गहरी सांस लेने की कोशिश करें, क्योंकि ये दबाव को संभालने जैसा है। बता दें कि धोनी सीएसके के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने हुए हैं और आईपीएल में अपने 18वें सीजन में भी वो खेलते हुए नजर आएंगे। धोनी सक्रिय रूप से ट्रेनिंग कर रहे हैं और इस साल के अभियान की शुरुआत से पहले ही शिविर में शामिल हो गए हैं। सीएसके अपना अभियान 23 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुरू करेगी।

# चोटिल उमरान मलिक की जगह चेतन सकारिया हुए केकेआर में शामिल



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चोटिल तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ चेतन सकारिया को आईपीएल 2025 के लिए अपने दल में शामिल किया है। मलिक ने आखिरी बार आईपीएल 2024 में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, तब उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ़ से सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला था। वहीं सकारिया भी चोट से वापस आ रहे हैं। उन्होंने फरवरी 2024 में सौराष्ट्र के लिए कोई रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। मलिक हालिया समय में लगातार चोटिल रहे हैं, जिसके कारण वह 2024-25 का पूरा घरेलू सीजन नहीं खेल पाए। उन्होंने अब तक आठ टी20 में 10.48 की इकॉनमी से रन देते हुए 11 विकेट लिए हैं। वहीं सकारिया ने भी भारत के लिए दो टी20 खेला है, जिसमें उनके नाम 9.27 की इकॉनमी से रन देते हुए एक विकेट है। मलिक ने आखिरी बार आईपीएल 2024 में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, तब उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ़ से सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला था। वहीं सकारिया भी चोट से वापस आ रहे हैं। उन्होंने फरवरी 2024 में सौराष्ट्र के लिए कोई रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

# केंद्रीय बैंकों और गोल्ड ईटीएफ की खरीद से 2025 में जारी रहेगी सोने के दाम में तेजी!

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय बैंकों और गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की खरीद के कारण 2025 में सोने की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ रिपोर्ट में बताया गया कि भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण सोने की कीमतों में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। वहीं, केंद्रीय बैंकों की खरीद सोने के मार्केट को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में सोना भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला एसेट क्लास था। इसने सालाना आधार पर 21 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। भारतीय बाजारों में सोने में मजबूत निवेश देखने को मिला है। 2024 में देश में गोल्ड ईटीएफ में 112 अरब रुपये का निवेश हुआ और गोल्ड होल्डिंग में 15 टन का इजाफा हुआ, जिसके कारण वर्ष के अंत में कुल गोल्ड होल्डिंग बढ़कर 57.8 टन हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि रिटेल और संस्थागत निवेशकों दोनों से मजबूत मांग देखने को मिल रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2024 में भी सोने की खरीद को जारी रखा। पिछले वर्ष केंद्रीय बैंक ने 72.6 टन सोना खरीदा, जिसके कारण देश का गोल्ड रिजर्व बढ़कर 876 टन हो गया है। यह लगातार सातवां वर्ष था, जब आरबीआई सोने का शुद्ध खरीदार रहा है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 10.6 प्रतिशत है। सोने की अधिक कीमतों का असर ज्वेलरी की मांग पर पड़ता है, जबकि गोल्ड बार और कॉइन में निवेश बढ़ रहा है। मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि 2024 में अधिक कीमतों के कारण मांग कम रही, लेकिन शादी सीजन में खरीदारी के कारण जनवरी के मध्य में धीरे-धीरे इसमें सुधार हुआ है। चांदी पर रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले चार वर्षों में आपूर्ति में लगातार कमी रही है और मांग आपूर्ति से अधिक रही है, जिसके कारण चांदी की कीमतों को समर्थन मिला है।

# सचिन की इंडिया मास्टर्स बनी करोड़पति, फाइनल हारकर भी वेस्टइंडीज को मिली भारी भरकम प्राइज मनी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। बीते रविवार, 16 मार्च को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम, रायपुर में खेले गए फाइनल में इंडिया मास्टर्स ने विपक्षी टीम वेस्टइंडीज मास्टर्स को 6 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इंडिया मास्टर्स को फाइनल में जीत के लिए 149 रनों का लक्ष्य मिला था जिसे उन्होंने 4 विकेट खोकर 17.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। अंबाती रायडू ने इस मैच में 74 रनों की शानदार मैच जिताऊ पारी खेली जिसके लिए उन्हें फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इस ट्रॉफी को जीतने के बाद ज्यादातर फैंस ये जानना चाहते हैं कि सचिन तेंदुलकर की टीम को कितनी प्राइज़ मनी मिलेगी? तो चलिए आपको इस सवाल का जवाब देते हैं। वेस्टइंडीज को हराने और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग जीतने



के बाद, इंडिया मास्टर्स को नकद पुरस्कार के रूप में एक बड़ी राशि मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम को 1 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि ब्रायन लारा की वेस्टइंडीज मास्टर्स को टूर्नामेंट में उपविजेता के रूप में समाप्त करने के लिए 50 लाख रुपये मिले। फाइनल में आक्रामक अर्धशतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज अंबाती रायडू को प्लेयर ऑफ द मैच, मास्टरस्ट्रोक ऑफ द मैच और मैच में सबसे अधिक छक्के लगाने के साथ 1.5 लाख रुपये मिले। इस बीच, दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टूर्नामेंट में सबसे अधिक छक्के (25) लगाने के लिए 5 लाख रुपये का इनाम दिया गया। श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा को भी सीजन में सबसे अधिक चौके (38) लगाने के लिए 5 लाख रुपये का आकर्षक नकद पुरस्कार मिला।

# जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश, फरियादियों की संतुष्टि ही निस्तारण का होगा मानक



**ललितपुर,ब्यूरो।** विगत शनिवार को होली पर्व का अवकाश होने के कारण आज सोमवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान तहसील मड़ावरा में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव एवं अन्य तहसीलों में उप जिलाधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को निस्तारण हेतु मौके उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। अनेक समस्याओं को उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर मौके पर ही निस्तारण करवाया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 05, पुलिस का 01, विद्युत का 01, विकास का 01 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 03, विकास का 01, पुलिस के 12, पूर्ति के 09, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, पुलिस विभाग के 03, विद्युत का 01 तथा अन्य 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, पुलिस के 02, पूर्ति के 02 तथा आबकारी का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02 तथा 01 प्रार्थना पत्र शामिल है। इस अवसर पर सम्बंधित तहसीलों के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पक्षकार की पैरवी करने चौकी पहुंचे अधिवक्ता से मारपीट का आरोप

### विधिक सेवा प्राधिकरण में असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ता से मारपीट

### एडीजे के हस्तक्षेप के बाद छूट सका अधिवक्ता, मामले में कार्यवाही की मांग

**ललितपुर,ब्यूरो।** अपने पक्षकार की ओर से पैरवी करने पुलिस चौकी पहुंचे अधिवक्ता के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित करने और व पीड़ित पक्ष सहित मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष ने इस प्रकरण में चौकी प्रभारी समेत तीन अन्य पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाये हैं। इस सम्बन्ध में पीड़ित पक्ष ने भारत की महामहिम राष्ट्रपति, सीजेआई/राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्यपाल उ.प्र., मुख्य न्यायाधीश उ.प्र., जिला जज ललितपुर, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया के अलावा कई आलाधिकारियों के समक्ष ई-मेल के जरिए शिकायत दर्ज करायी है। थाना जाखलौन के ग्राम माताखेड़ा मादौन व हाल गांधीनगर नई बस्ती निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र अजय पाल सिंह ने शिकायती पत्र में बताया कि 13 मार्च की शाम करीब 5.10 बजे उसके भतीजे धर्मेंद्र पुत्र पवन को फोन आया, जिसके जरिए उसे गोविन्द सागर बांध चौकी बुलाया गया। उसी समय विधिक सेवा प्राधिकरण में असिस्टेंट लीगल एण्ड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ता राहुल गौतम से बात की और विधिक सहायता की मांग की। बताया कि वह अधिवक्ता राहुल गौतम के साथ चौकी पहुंचे, जहां अधिवक्ता ने परिचय देकर घटना की जानकारी मांगी और अपने भतीजे को चौकी में बैठाने का कारण पूछा तो वहां मौजूद आरक्षी ने अभद्रता कर दी। आरोप है कि वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें घसीटते हुये लाठी-डण्डों व लात-घूसों से अमानवीय क्रूरता से मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा अधिवक्ता के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये मारपीट की गयी। मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गयी, जिस पर कार्यवाही न करते हुये उल्टा पीड़ित पक्ष को ही लॉकअप में डाल दिया गया। मामले की सूचना मिलने पर अधिवक्ता राहुल गौतम की पत्नी ने तत्काल विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल वैभव जैन को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलने पर जब वैभव कुमार व विक्रम सिंह ठाकुर थाने पहुंचे तो अधिवक्ता को नहीं छोड़ा गया। मामले की सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज को अवगत कराया गया, तत्पश्चात सीओ सदर अभय नारायण राय कोतवाली पहुंचे और शाम करीब 7 बजे लॉकअप से छोड़ा गया। अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर क्रूर व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# बीस हजार का इनामिया पुलिस हिरासत में

**ललितपुर,ब्यूरो।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन एवं एएसपी अनिल कुमार, सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने पंजीकृत मामला धारा 119(1), 352, 115(2), 351(3) बीएनएस में वांछित व 20 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी मोहल्ला शिवनगर निवासी रवि कुशवाहा पुत्र बाबूलाल कुशवाहा को मुखबिर की सूचना पर थाना जखौरा की ओर जाने वाली नहर पटरी गांव चौंरसिल से हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रवि के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये है। पुलिस ने उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

इस प्रकरण को लेकर बताया जा रहा है कि मोहल्ला नदीपुरा निवासी ताहिर अली पुत्र बाबू शाह ने 27 फरवरी को अपराह्न 2 बजे मोहल्ला रावतयाना में रवि कुशवाहा पर जुआ खेलने व शराब पीने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाया था।

विरोध करने पर रवि कुशवाहा द्वारा अपने साथी करन कुशवाहा के साथ मिलकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था। इसी प्रकरण में कार्यवाही करते हुये पुलिस ने रवि कुशवाहा को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार रवि कुशवाहा के खिलाफ पूर्व में अवैध शराब, हत्या के प्रयास और गैंगस्टर जैसे मामले पूर्व में दर्ज हैं। रवि कुशवाहा को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा, सदर चौकी प्रभारी उ.नि.अनुराग शर्मा, नेहरूनगर चौकी प्रभारी उ.नि.अंकित कौशिक, हे.का. बृजबिहारी सेंगर, का.अमित राजपूत आदि शामिल रहे।



### रवि कुशवाहा की पत्नी विनीता ने मांगी मदद

मोहल्ला शिवनगर निवासी रवि कुशवाहा की पत्नी विनीता ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक पत्र में बताया कि कुछ दिन पहले उसके पति का ताहिर नाम के युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि ताहिर ने पुलिस से सांठगांठ कर उसके पति पर मुकद्दमा दर्ज करा दिया। इसी क्रम में 16 मार्च को उसके पति को ग्राम मिनौरा से उठा लिया गया, उसे जब इसकी जानकारी हुयी तो वह थाना जखौरा पहुंची, जहां उसके पति की जानकारी नहीं मिली।

# जागते रहो भारत यात्रा का हुआ स्वागत



**ललितपुर,ब्यूरो।** महिला सुरक्षा और सम्मान को समर्पित जागते रहो भारत यात्रा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन में आगमन हुआ। जिसमें राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने यात्रा में आए हुए सभी भाई-बहनों का स्वागत किया और यात्रा की सफलता की मंगल मंगलकामना की। संस्था का परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज विद्यालय एक महिला प्रधान संस्थान है। जहां पर महिला सुरक्षा और सम्मान की नींव स्वयं परमपिता शिव परमात्मा ने 1937 में पिताश्री ब्रह्मा बाबा के द्वारा रखी और तब से महिलाओं को आत्म सशक्तिकरण की शिक्षाएं प्रतिदिन दी जाती हैं। जिसके चलते संस्थान में करीब 50 हजार से ज्यादा बहनें समर्पित जीवन आत्म सशक्तिकरण से विश्व में मानवता की सेवा में लगी है। तथा करीब 10 से 12 लाख महिलाएं प्रतिदिन शिक्षाओं के अध्ययन द्वारा आत्म सुरक्षा, आत्म सम्मान प्राप्त कर रही हैं। महिलाओं को सुरक्षा सम्मान के लिए सभी को आध्यात्मिकता से जुड़ना आवश्यक है तथा मेडिटेशन द्वारा ही आत्म शक्तियां प्राप्त की जा सकती हैं। जब बुराइयों का व्यसनों का त्याग हो और आत्मिक दृष्टिकोण बने। यात्रा में हरियाणा से आए हुए राजेंद्र कुमार भाई ने यात्रा के मुद्दे पर चर्चा की और बताया कि हम सभी 21वीं सदी की सभ्य दुनिया के सभ्य लोग हैं, लेकिन समाज की आधी आबादी (महिला वर्ग) आज भी भेदभाव और सुरक्षा का सामना करने के लिए अभिशप्त है। महिला अपराध और दुष्कर्म की आए दिन होने वाली घटनाओं में भारतीय जनमानस को गहरी चिंता में डाल दिया है। इसलिए जिला स्तर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, मनोवैज्ञानिक, पुलिस अधिकारी और न्याय अधिकारियों की समन्वय समिति गठित कर तिमाही बैठक सुनिश्चित करनी चाहिए। राजयोगिनी बीके मायारानी दीदी राजयोग से होने वाली दिव्य प्राप्तियों का वर्णन करते हुए कहा कि आंतरिक सुख शांति एवं आनंद की प्राप्ति, एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं मनोबल में वृद्धि, गुणों एवं विशेषताओं के प्रादुर्भाव द्वारा आकर्षक व्यक्तित्व का विकास, संबंधों में मधुरता....। जयेश बादल (कनक जन कल्याण समिति) ने भी संस्था के सभी भाई-बहनों को शुभकामनाएं दी। जिसमें कृष्णा सिंह (म.प्र.), जम्मूबेन (गुजरात), जलंधर नाथ (महाराष्ट), शरद शाबल (महेश्वर, मध्य प्रदेश), सुनील जैन (आबू), डा.विकास प्रजापति (छत्तीसगढ़), बीके गीता बहन, बीके प्रीति बहन, बीके रुबी बहन, बीके प्रियंका बहन, बीके निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके विद्यासागर भाई एवं अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

## शादी समारोह से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**ललितपुर।** मुख्यालय स्थित मोहल्ला नई बस्ती के शिशु मंदिर के पास निवासी नरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व.राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 40 वर्षीय पुत्र चन्द्रभान सिंह चौहान 7 मार्च को शादी समारोह में शामिल होने के लिए टीकमगढ़ गया हुआ था। रात करीब 10-11 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 जेड 3610 से अपने मित्र नई बस्ती निवासी विवेक भारद्वाज पुत्र भगवानदास के साथ वापस आ रहा था। वह ग्राम बिरारी-रजवारा के पास स्थित ढ़ाबा के पास पहुंचा ही था कि तभी कोई अज्ञात वाहन उसे टक्कर मार कर भाग गया। टक्कर लगने से उसका पुत्र गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को बेहोशी की अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों को ललितपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से दोनों को मेडीकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। जहां से ग्वालियर के मेट्रो न्यूरो अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां 12 मार्च को उसकी मौत हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# भाई दूज पर्व पर बहनों ने किया भाईयों का टीका



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड की परंपरा के अनुसार होली के दूसरे दिन भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहते हैं बहनें अपने भाइयों का तिलक करती हैं, साथ ही उनकी लंबी आयु की कामना करती हैं। यह दिन यमराज व उनकी बहन यमुना की कहानी से जोड़कर देखा जाता है। परम्परा के अनुसार इस अवसर पर जिला कारागार ललितपुर में निरुद्ध 62 भाइयों को उनकी बहनों ने आकर टीका किया। व उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाईदूज का पर्व सकुशल संपन्न हुआ। गौरतलब है कि रंगों के महापर्व होली को लेकर जनपद में लोगों में अभूतपूर्व उत्साह रहा। हर्षोल्लास के बीच लोगों ने होली का पर्व मनाया। भारतीय संस्कृति के अनुसार होलिका दहन उपरान्त लोगों ने होली पर एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनायें दीं। होली के अवसर पर अधिकतर बच्चों को ही होली खेलते हुये देखा गया। होली के त्यौहार को लेकर जहां लोगों ने कई दिनों पूर्व से तैयारियाँ शुरू कर दी थीं। जिसके चलते 13 मार्च को होलिका दहन पर्व मनाया गया। होलिका दहन के साथ ही लोगों ने आपसी मतभेदों व मनभेदों को होलिका की अग्नि में दहन किया और रंग-गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनायें दीं।

# मंगलवार को एडीएम करेंगे राखपचंमपुर मेले का उद्घाटन

### राखपचंमपुर सिद्ध बाबा मन्दिर मेला की जोर तोर से चल रही तैयारियां



**ललितपुर।** राखपंचमपुर सिद्ध बाबा मन्दिर पर रंगपंचमी से लगने वाला विशाल मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले की तैयारियां जोर तोर से चल रही है पांच दिवसीय राखपचंमपुर मेले का उद्घघाटन 18 मार्च को अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया जायेगा।

यह राखपचंमपुर मेला 23 मार्च तक चलेगा सोमवार को एएसपी अनिल कुमार, मेला प्रभारी तहसीलदार सदर राजेश कुमार यादव ने राखपचंमपुर मेला का निरीक्षण कर मेले में व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रधान राजपाल सिंह, थानाध्यक्ष जखौरा राहुल राठौर, पुलिस मेला प्रभारी बृजेश कुमार सिंह, सहायक मेला प्रभारी इन्द्रपाल सिंह तोमर कम्पनी कमान्डर, लेखपाल संजीव मिश्रा, कानूनगो, नसीम, राममिलन शामिल रहे। राखपंचमपुर सिद्ध बाबा मन्दिर के इस विशाल मेले में बड़े दूर दूर से लाखो श्रद्धालु सिद्ध बाबा मन्दिर में माथा टेकने, सीदा चढ़ाने और अपनी हाजिरी दर्ज कराने के लिये अपने आप खिचे चले आते है। राखपंचमपुर मेले की सारी व्यवस्थायें जिला प्रशासन द्वारा की जाती है। राखपंचमपुर में सिद्ध बाबा मन्दिर की ऐसी मान्यता है कि सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति फोड़ा, फुन्सी पर लगाने से ठीक हो जाती है और पवित्र भभूति अपने शरीर पर लगाने से असाध्य चर्म रोग से छुटकारा मिलता है। सिद्ध बाबा मन्दिर का ऐसा चमत्कार बना हुआ है। लाखों श्रद्धालु सिद्ध बाबा मन्दिर के दर्शन करने के लिये अपने आप खिचे चले आते है। बच्चों व बड़ो के मनोरंजन के लिये झूले भी लगायें जा रहे है। बच्चों के लिये खेल खिलौने की दुकान भी लगाई जा रही है और मिट्टी के बर्तनों की दुकान भी लगाई गई है। सड़क, बिजली, पानी, लाइटों को ठीक किया जा रहा है और राखपंचमपुर मेले की सारी व्यवस्थायों को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेले की व्यवस्थाओं में तहसीलदार सदर, ग्राम प्रधान, लेखपाल संजीव मिश्रा, लाखन सिंह, जयराम सिंह, देवेन्द्र शर्मा, शिशुपाल, वीरन राजपूत, ईदल, शिवप्रसाद, विक्रम राजपूत, सरमन, बलराम, राघवेन्द्र, सीताराम कुशवाहा, गोविन्द, विनोद शर्मा, देवेन्द्र राय आदि लगे हुये है।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में अनुपम नगर खम्हारडीह निवासी मुकेश कुमार यादव 22 वर्ष ने खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 14 एमयू 1914 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में आदर्श नगर दुर्ग निवासी डॉ. दिव्या शर्मा 25 वर्ष ने मौदहापारा थाना में शिकायत की, कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 एआर 6516 को भीमराव आंबेडकर के मूर्ति के पास खड़ी किया था, तभी तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में जनतता कालोनी राजनांदगांव निवासी डॉ. विजय कुमार मेश्राम 27 वर्ष ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 08 एच 8046 को पीजी हॉस्टल के सामने मौदहापारा में खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## महापौर ने की रायपुर नगर निगम एमआइसी सदस्यों के नामों की सूची जारी

**रायपुर,कासं.।** रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने आज नगर निगम मुख्यालय कार्यालय में गर निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) के 14 सदस्यों की सूची जारी की। महापौर मीनल चौबे ने प्रेसवार्ता आयोजित कर एमआईसी सदस्यों को विभागों का आवंटन भी किया।

जारी सूची के अनुसार लोककर्म विभाग दीपक जायसवाल को, सामान्य प्रशासन एवं विधि-विधायी कार्य विभाग अनामिका सिंह को, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग मनोज वर्मा को, राजस्व विभाग भारती बादल को, जलकार्य विभाग संतोष कुमार साहू को, लोक स्वास्थ्य, खाद्य एवं स्वच्छता विभाग गायत्री सुनील चंद्राकर को, विद्युत एवं अभियांत्रिकीय विभाग सुमन अशोक पांडे को, वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण विभाग महेंद्र खोडियार को, शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग हेम कुमार सेन को, महिला एवं बाल विकास विभाग सरिता आकाश दुबे को, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग संज्ञा अहीकार को, संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग अमर गिदवानी को, खेल एवं युवा कल्याण विभाग नंद किशोर साहू को और पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग भोला राम साहू को सौंपा गया.

# छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में होगा शिविर का शुभारंभ



**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर द्वारा विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 18 मार्च से किया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में किया जाएगा। यह शिविर 18 मार्च से 20 मार्च तक चलेगा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं में भेषज रोग (मेडिसिन विभाग), स्त्री रोग, अस्थि रोग, नाक, कान एवं गला रोग, चर्म रोग, शल्य रोग, मनोरोग, दंत रोग एवं नेत्र रोग से संबंधिक बीमारियों का परीक्षण किया जाएगा।

शिविर में सोनोग्राफी, ई.सी.जी., उच्च रक्तचाप, मधुमेह, समस्त रक्त जांच एवं जनरल चेकअप की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विधानसभा से जुड़े लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है, ताकि वे विभिन्न रोगों की जांच और उपचार करा सकें। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के शुभारंभ के मौके पर उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव, श्री विजय शर्मा , स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल समेत अन्य मंत्रिगण एवं विधायक गण उपस्थित रहेंगे।

## सिपाही ने एसआई को मारी गोली, हुई मौत

**रायपुर,कासं.।** राजधानी रायपुर के खरोरा क्षेत्र के मुड़पार स्थित आईटीबीपी कैंप में एक सिपाही ने सब-इंस्पेक्टर (एसआई) को गोली मार दी, जिससे एसआई की मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने से कैंप में अफरा-तफरी मच गई और पूरा परिसर थम सा गया। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि यह गोलीबारी सोमवार सुबह हुई, जब दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। घटना के बाद, कैंप में तैनात अन्य सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत मदद की कोशिश की, लेकिन एसआई की जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और इस गोलीबारी के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह घटना किसी व्यक्तिगत विवाद या मानसिक तनाव के कारण हो सकती है लेकिन पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है।

# राशनकार्ड से अपात्रों के नाम हटाने के कार्य को प्राथमिकता से करें, ताकि जरूरतमंदों के नाम जोड़े जा सकें : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**ग्वालियर।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि राशन कार्ड के माध्यम से जरूरतमंदों को प्रतिमाह किफायती दर पर राशन दुकानों से अनाज उपलब्ध कराया जाता है। राशन कार्ड में ऐसे सदस्य जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए, ताकि अन्य जरूरतमंदों के नाम जोड़े जा सकें। इसके साथ ही एक नाम वाले राशन कार्ड एवं 10 से अधिक सदस्यों की संख्या वाले राशन कार्डों के सत्यापन का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विवेक कुमार, एडीएम श्री कुमार सत्यम, एडीएम श्री टी एन सिंह, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में राशनकार्ड में दर्ज ऐसे व्यक्ति जिनकी मृत्यु हो गई है, उनके नाम हटाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाए। इसके साथ ही सभी राशन दुकानों पर एक सदस्यीय राशनकार्ड एवं 10 सदस्यों से अधिक वाले राशन कार्डों का भी भौतिक सत्यापन कराया जाए, ताकि पात्र लोगों को ही राशन उपलब्ध हो सके। अपात्रों के नाम राशनकार्ड से हटाने से अन्य पात्र लोगों को राशन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 65 प्रतिशत से अधिक सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सभी जिला अधिकारी सुनिश्चित करें। जिन विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण 65 प्रतिशत से कम होगा वे सभी विभागीय अधिकारी 19 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक सीएम हैल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इसके पश्चात उनकी समीक्षा की जायेगी। उन्होंने वन विभाग में सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की प्रगति कम होने पर एसीएस वन विभाग को लंबित प्रकरणों की सूची के साथ पत्र भेजने की बात भी कही। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जिन प्रकरणों में हितग्राहियों को समय रहते सुविधा प्राप्त नहीं हुई है, ऐसे प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से दण्ड वसूल कर हितग्राहियों को प्रदाय करने का कार्य किया जाए। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का निराकरण शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में ही सुनिश्चित किया जाए।

**समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिये पंजीकृत किसानों का किया जाए भौतिक सत्यापन**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना व सरसों की खरीदी के लिये जिले में पंजीकृत किसानों के भौतिक सत्यापन का कार्य भी तत्परता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में किसानों के भौतिक सत्यापन के कार्य को प्राथमिकता से कराएँ। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर खरीदी केन्द्र निर्धारण के साथ-साथ अन्य व्यवस्थायें भी समय पर हों, यह भी अनुविभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें।

**पॉलीथिन के उपयोग पर हो कड़ी कार्रवाई**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि पॉलीथिन का उपयोग जिले में न हो, इसके लिये निरंतर कार्रवाई की जाए।

पॉलीथिन उपयोगकर्ता एवं पॉलीथिन निर्माताओं के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में दल गठित कर पॉलीथिन के विरूद्ध कार्रवाई करें। इसके साथ ही जन जागरूकता के लिये भी विशेष प्रयास किए जाएं।

# जिले की ग्राम पंचायत उदयपुरा, जखारा एवं इकहरा की महिलाओं ने मधुमक्खी पालन को बनाया अपना रोजगार

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर कलेक्टर को भेंट किया शहद

## महिलाओं के उत्साहवर्धन हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों ने खरीदा शहद



**ग्वालियर।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने संगठित होकर मधुमक्खी पालन को अपना व्यवसाय बनाकर अपने जीवन को बेहतर बनाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। स्व-सहायता समूह की 25 महिला सदस्यों द्वारा मधुमक्खी पालन कर लगभग 120 बॉक्स के साथ अपना कार्य प्रारंभ किया है। महिलाओं के उत्साह और मेहनत से 700 किलोग्राम शहद एवं 25 किलोग्राम मोम समूह ने एकत्रित किया है। जिले की ग्राम पंचायत उदयपुरा, जखारा एवं इकहरा के 4 स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर मधुमक्खी पालन का व्यवसाय प्रारंभ किया। महिलाओं की मेहनत और प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन से समूह का काम निखरने लगा और उन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होने लगा। मधुमक्खी पालन समूह की महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुँचकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान को समूह द्वारा तैयार किए गए शहद की बोतल भी प्रदान की। कलेक्टर ने महिलाओं से विस्तार से चर्चा की तथा मधुमक्खी पालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। समूह की महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि जिला पंचायत के माध्यम से स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके साथ ही समूह द्वारा 120 बॉक्स के माध्यम से मधुमक्खी पालन का कार्य प्रारंभ किया गया। समूह की महिलाओं ने बताया कि शुरूआत में काफी परेशानियां आईं। लेकिन धीरे-धीरे काम बेहतर होने लगा और सभी के प्रयासों से शहद एवं मोम भी समूह को प्राप्त होने लगा। प्राप्त शहद को समूह के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र मुरैना में प्रोसेसिंग कराकर बाजार में 350 रूपए से 400 रूपए प्रतिकिलो के हिसाब से विक्रय किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनके द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है। समूह की महिलायें स्वयं भी करें और अधिक से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार के कार्य में जोड़ने का कार्य भी करें। कलेक्टर के निर्देश पर समूह द्वारा तैयार किए गए शहद विक्रय के लिये एक अस्थायी केन्द्र कलेक्ट्रेट में बनाया गया। जिले के अधिकारियों ने भी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से शहद क्रय कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने मधुमक्खी पालन के कार्य में लगे स्व-सहायता समूह के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही जिले में अन्य जगहों पर भी स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

# गोबर सडक पर डालने पर भैंस डेयरी संचालक से वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** स्वच्छ ग्वालियर अभियान के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में गंदगी करने वाले एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले एवं रेड स्पॉट करने वाले लोगों को समझाइश के साथ ही नहीं मानने पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्वालियर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गंदगी करने वाले दुकानदारों एवं आमजनों पर नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है । जिसके आज ग्वालियर विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय ठाकुर के निर्देशन में वार्ड 6 जहांगीर कटरा लधेडी में भैंस डेयरी द्वारा गोबर सडक पर फेंकने पर संबंधित भैंस डेयरी संचालक पर 2000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही दुकानदारों द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने पर 1200 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री मनीष श्रीवास, जेड एच ओ श्री भगवान दास क्षात्रे एवं डब्ल्यू एच ओ श्री विकास पारछे, सहायक श्री मनोज बाबा उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्वालियर पूर्व विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड 25 में दुकानदारों द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 4000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड टीम के प्रभारी श्री करन टॉक, डब्ल्यूएचओ श्री दलबीर सिंह कन्नौजिया, श्री भीकाराम, श्री पूरन, श्री लक्ष्मण करोसिया, श्री नीरज कुमार, श्री विक्रम आदि उपस्थित रहे।

# निगम स्वामित्व की दुकानों को 30 वर्ष की लीज पर लेने के लिए टेंडर डालने की अंतिम तिथि 24 मार्च 2025

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर की स्वामित्व की विभिन्न स्थानें पर स्थित दुकानों को 30 वर्ष की लीज पर लेने के लिए टेंडर क्रय करने एवं टेंडर डालने की अंतिम तिथि 24 मार्च 2025 निर्धारित है। उपायुक्त राजस्व ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर की स्वामित्व की विभिन्न स्थानें पर स्थित दुकानों को 30 वर्ष की लीज पर लेने के लिए टेंडर क्रय करने एवं टेंडर डालने की अंतिम तिथि 24 मार्च 2025 निर्धारित है। जिसमें गजराजा स्कूल के पास स्थित दुकानें प्रथम तल पर एक दुकान 13.78 वर्ग मी, द्वितीय तल पर 08 दुकानें 13.78 वर्ग मी. से 17.94 वर्ग मी तक। सागर ताल मछली मंडी मार्केट स्थित दुकानें भूतल पर 06 दुकान 9.29 वर्ग मी। आवा महाराज की गली दाल बाजार स्थित मार्केट की दुकानें भूतल पर 08 दुकान 8.57 वर्ग मी. से 10.8 वर्ग मी तक। खुर्जेवाला मोहल्ला मार्ग स्थित दुकान भूतल पर 01 दुकान 7.8 वर्ग मी एवं नौगजा रोड विकलांग मार्केट स्थित दुकान भूतल पर 01 दुकान 13.94 वर्ग मी है। दुकान लेने हुत इच्छुक व्यक्ति दुकानों की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in अथवा नगर निगम मुख्यालय सिटी सेंटर स्थित राजस्व कक्ष क्रमांक 06 में प्राप्त कर सकते हैं।

# ग्वालियर में पुस्तक मेले का आयोजन 22 से 29 मार्च तक, मेले में स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पाद भी होंगे उपलब्ध

**ग्वालियर।** स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सुविधा के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर ग्वालियर में 22 मार्च से 29 मार्च तक वृहद पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले में विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सस्ती दर पर स्कूली पुस्तकें, कॉपियाँ एवं स्कूल में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। पुस्तक मेले में स्कूली बच्चों को कॉपी-किताब उपलब्ध कराने के साथ-साथ जिले में विभिन्न स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों को उपलब्ध कराने हेतु स्व-सहायता समूहों के भी स्टॉल स्थापित किए जायेंगे। मेले में आने वाले स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पाद न केवल देखने को मिलेंगे, बल्कि क्रय करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इससे महिला स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा और लोगों को अच्छे उत्पाद प्राप्त होंगे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि पुस्तक मेला दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। पुस्तक मेले का अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को लाभ मिले, इसके लिये व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

# उपायुक्त श्री सतपाल सिंह चौहान को दिए अतिरिक्त प्रभार

**ग्वालियर।** अधीक्षण यंत्री (संविदा) डॉ. अतिबल सिंह यादव की संविदा नियुक्ति 14 मार्च 2025 को समाप्त होने पर डॉ. यादव को सौंपे गए समस्त दायित्व आगामी आदेश होने तक उपायुक्त डॉ. सतपाल सिंह चौहान को सौंपे गए। अपर आयुक्त के जारी आदेशानुसार अधीक्षण यंत्री (नियमित) डॉ. अतिबल सिंह यादव के रिक्त पद के विरूद्ध संविदा पर 01 वर्ष के लिये नियुक्त किया गया था। उक्त अवधि दिनांक 14 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। ऐसी स्थिति में अधीक्षण यंत्री (संविदा) को सौंपे गए समस्त दायित्व आगामी अन्य आदेश होने तक उपायुक्त श्री सतपाल सिंह चौहान को सौंपे गए।

# कमलाराजा अस्पताल में आगजनी की घटना की जाँच के लिए संशोधित आदेश जारी

## जाँच दल गठित : 9 बिंदुओं पर जाँच पाँच दिवस में करने के निर्देश

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शनिवार की देर रात कमलाराजा अस्पताल में आगजनी की घटना हुई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्परता से मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया। इसके साथ ही मरीजों को अन्य वार्ड में सुरक्षित शिफ्ट भी किया। अग्नि दुर्घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने 16 मार्च को जारी जाँच आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए पुनः आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अग्नि दुर्घटना की जाँच के लिये जाँच दल गठित कर जाँच के बिंदु निर्धारित किए हैं। जाँच दल पाँच दिवस में घटना की सम्पूर्ण जांच का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों को जाँच दल में रखा गया है, उनमें एसडीएम झांसी रोड श्री विनोद सिंह, सीएसपी इंदरगंज श्री रॉबिन जैन, अधीक्षक जयारोग्य अस्पताल डॉ. सुधीर सक्सेना, सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव, फायर ऑफीसर नगर निगम श्री उमंग प्रधान, कार्यपालन यंत्री ईएण्डएम लोक निर्माण विभाग श्रीमती आयुषि सचान व असिस्टेंट इंजीनियर विद्युत सुरक्षा श्री आर एस वैश्य शामिल हैं।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने घटना की जाँच के लिये निम्न बिंदु निर्धारित किए हैं। इनमें आगजनी की मूल घटना का कारण एवं आगजनी सर्वप्रथम कहां से प्रारंभ हुई, आगजनी की घटना से कितनी शासकीय-अशासकीय सम्पत्ति प्रभावित हुई, हॉस्पिटल में फायर फाइटिंग सिस्टम एवं उससे संबंधित उपकरणों की व्यवस्था थी अथवा नहीं, क्या स्टाफ फायर फाइटिंग के लिये प्रशिक्षित है, हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा विद्युत सुरक्षा संबंधी प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया था एवं विद्युत सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए गए थे या नहीं, आगजनी में हुए प्रभावित नुकसान की जानकारी एवं आगजनी की घटना के लिये कौन-कौन जिम्मेदार है, इन बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# खेलों इण्डिया स्मॉल एथलेटिक्स सेंटर में टेलेंट आईडेन्टीफिकेशन (चयन ट्रायल) 20 व 21 मार्च को

**मुरैना,कांस।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार की योजनान्तर्गत जिले में खेलों इंडिया स्मॉल सेंटर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम पर संचालित है, जिसमें 20 बालक एवं 20 बालिका खिलाड़ियों का चयन टेलेंट आइडेंन्टीफिकेशन के माध्यम प्रातः 08:30 बजे जिला स्तरीय गठित चयन समिति के द्वारा 20 एवं 21 मार्च 2025 को 5वीं बटालियन खेल परिसर मुरैना में किया जायेगा। फिजिकल टेस्ट में सम्मिलित होने वाले बालक, बालिका खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन हेतु रजिस्ट्रेशन फॉर्म में आयु प्रमाण-पत्र हेतु (10वीं की अंक सूची, जन्म प्रमाण-पत्र), अद्यतन आधार कार्ड की छायाप्रति, मूल निवासी प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, 02 नवीन पासपोर्ट साईज फोटो, जाति प्रमाण-पत्र एवं समग्र आई.डी. की छायाप्रति के साथ-साथ चयन ट्रायल स्थल पर मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया है कि चयन से पूर्व समिति सदस्यों के द्वारा बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के फिजिकल आदि विभिन्न टेस्ट लिए जायेगें, इन में सम्मिलित होने वाले बालक एवं बालिका खिलाड़ी की आयु 14 से 18 वर्ष से कम हो, उन्हें सम्मिलित किया जाएगा। आयु का निर्धारण 31 दिसम्बर, 2024 की स्थिति में किया जायेगा। इच्छुक बालक एवं बालिका खिलाडी टेलेन्ट आइडेंटीफिकेशन में चयन हेतु दस्तावेजों सहित खेल और युवा कल्याण विभाग की एथलेटिक्स प्रशिक्षिका कु. ज्योति जे. चौहान से 19 मार्च 2025 तक अपना पंजीयन, रजिस्ट्रेशन सम्पर्क कर कराना सुनिश्चित करें। अंतिम तिथि 19 मार्च 2025 तक जिन बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के अपने-अपने दस्तावेज रजिस्ट्रेशन फॉर्म सहित संविदा एथलेटिक्स प्रशिक्षिका कु. ज्योति जे. चौहान को जमा किए गए है, उन्हीं पंजीकृत बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को टेलेन्ट आईडेन्टीफिकेशन आयोजन में 20 एवं 21 मार्च 2025 को सम्मलित कराया जायेगा। एथलेटिक्स खेल की चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आने एवं जाने हेतु यात्रा व्यय एवं भोजन, नास्ता आदि स्वल्पाहार स्वयं वहन करना होगा। चयन उपरान्त चयनित प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित समय-सीमा में प्रातः एवं सायंकाल प्रशिक्षण एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल स्तर से प्रदान की जाने वाली खेल सामग्री, जैसे ट्रेकशूट, शूज, स्पोर्ट्स, टी-शर्ट आदि प्रदान की जायेगी। एथलेटिक्स खेल में रूचि रखने वाले बालक एवं बालिका खिलाडियों एवं उनके अभिभावकों तथा प्रशिक्षकों से अनुरोध है कि चयन ट्रायल आईडेंटीफिकेशन में अधिक से अधिक संख्या में बालक एवं बालिकाओं की सहभागिता करायें, जिससे बालक एवं बालिका भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना खेलों इण्डिया एथलेटिक्स सेंटर से लाभान्वित हो सकें।

# रोटरी कैम्प के सभी नोडल अपने कार्य तत्परता से करें - कलेक्टर



**मुरैना,कांस।** स्व. श्रीमती मोहन प्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 का आयोजन 26 मार्च से 02 अप्रैल, 2025 तक जिला मुख्यालय मुरैना पर किया जा रहा है। रोटरी मेडीकल मिशन में ख्यातिप्राप्त चिकित्सक विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज करेंगे। इस कैम्प में मरीज को सभी सुविधायें आसानी से मिलें, उनके साथ आने वाले अटेंडर इधर-उधर न भटकें। इसलिये सभी संस्थाओं के नोडल को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे अपने-अपने कार्य में जुट जायें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सोमवार को बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद सहित समस्त संस्थाओं के नोडल मौजूद थे।

# शनिश्चरी अमावस्या पर 28 एवं 29 को विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएगी

**मुरैना,कांस।** शनिश्चरी पहाड़ी पर 28 एवं 29 मार्च को शनिश्चरी अमावस्या का आयोजन है। जिसके अंतर्गत मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद है। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने रेल मंडल प्रबंधक उत्तर-मध्य रेलवे को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि दोनों दिन शनिश्चरी अमावस्या पर विशेष तीन रेलगाड़िया चलाई जावे। उन्होंने बताया कि धार्मिक मेलों में प्रमुख रूप से तहसील बानमौर, जिला मुरैना के ऐंती ग्राम में शनिचरा रेल्वे स्टेशन से 04 किलो मीटर दूर पहाड़ी पर स्थापित श्री शनि मंदिर में दिनांक 28 एवं 29 मार्च को पड़ने वाली शनिश्चरी अमावस्या÷ पर विशेष मेला आयोजित होगा।

इस मेले में लगभग 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के चेप्टर 5 की धारा 35, 36 एवं 37 के प्रावधानों के अंतर्गत अनुरोध है कि रेलवे विभाग इस मेले के आयोजन के संबंध में स्टेशन मैंनेजर शनिचरा एवं मुरैना को नोडल अधिकारी घोषित कर तथा आपदा प्रबंधन की पूरी कार्य योजना ÷प्लान÷ तैयार करेंगे एवं तैयार किए गए प्लान की एक प्रति इस कार्यालय को भिजवाएँ।

# टीएल पत्रकों में लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें अधिकारी - कलेक्टर

## अधिकारी सीएम हेल्पलाइन का निराकरण तत्परता से करें, टीएल बैठक संपन्न



**मुरैना,कांस।** अधिकारी टीएल पत्रकों में लंबित शिकायतों का उचित कारण देखकर त्वरित कार्यवाही एवं उनका निराकरण कर उन्हें तुरंत विलोपित करवाना सुनिश्चित करें। टीएल पत्रकों की संख्या 50 से अधिक न हो। इसके साथ ही कलेक्टर ने समस्त तहसीलदार को सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट के संबंध में निर्देश दिये कि यदि कोई आपत्तिजनक भड़काऊ पोस्ट जिससे लोक शांति भंग हो सकती है, उनके संज्ञान में आती है तो अपने संबंधित एसडीएम को बताना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि लंबित सीएम हेल्पलाइन की 80 प्रतिशत शिकायते संतुष्टिपूर्वक एवं 50 दिवस के उपर की लंबित शिकायतों का 50 प्रतिशत संतुष्टिपूवर्क बंद करवाना सुनिश्चित करें।टीएल बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, नगर निगम कमिश्नर श्री सतेन्द्र धाकड़, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नगरीय निकाय के सीएमओ, सीईओ जनपद एवं समस्त विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम से ब्रिस्क वसूली के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने खसरा, समग्र, ईकेवायसी की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को लंबित लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले की रैंकिंग खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री, आधार, आरओआर के दैनिक लक्ष्य 3 हजार करना सुनिश्चित करें तभी जिले की रैंकिंग बॉटम 20 में आ सकेगी। फार्मर रजिस्ट्री समीक्षा करते हुये उन्होंने पाया कि जौरा तहसील में 72 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। इसी तरह कलेक्टर ने श्रम विभाग से संबल योजना के तहत अनुग्रह पोर्टल की जानकारी ली जिसमें कुल 1077 आवेदनों में से 976 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं एवं 87 आवेदन लंबित हैं ये पाया गया। कलेक्टर ने पिछड़ा वर्गों की छात्रवृत्ति एवं डीओ ट्राइबल से अपात्र छात्रवृत्ति प्रकरण के बारे में जानकारी ली। साथ ही आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत प्रगति 90 प्रतिशत जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने शनिश्चरा मंदिर निर्माण के अंतर्गत बनने जा रहे परिक्रमा पथ के प्रस्ताव को जल्द परिवेश पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला बाल विकास अधिकारी को एनआरसी फुल कैपेसिटी से चलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को बेरियर चौराहे के आगे खड़े ट्रकों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर ने भू-अर्जन एवं एनएच 552 के लिये प्रस्तावित भूमि विवरण की समीक्षा की।उन्होंने उपसंचालक कृषि एवं मार्कफेड डीएमओ से खाद की पूर्ति के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन से केसीसी के तहत कितने कार्ड बनाये गये हैं उसकी जानकारी ली। कलेक्टर ने जिन अधिकारियों ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त नहीं किया है एवं डाटाबेस रिपोर्ट जमा नहीं की है, उन अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर ने वक्फ बोर्ड संपत्ति की रिपोर्ट की समीक्षा की एवं अंतर्विभागीय मुद्दों को सुना।

# क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित



**सबलगढ़।** महाराणा प्रताप स्मारक पर क्षत्रिय समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी सम्मिलित रहे। सर्वप्रथम महाराणा प्रताप जी के वंशज श्री अरविंद जी मेवाड़ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।इसके बाद महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक दूसरे को गुलाल अवीर लगाकर होली की बधाई दी गई। जिसमे उदयभान सिंह,गणेशपाल सिंह,अजब सिंह,ओमप्रकाश सिंह,अतर सिंह,पदम सिंह,रामकुमार सिंह,राजीव सेंगर,शिवकुमार सिंह,सुरेश सिंह,जगदीश सिंह,करण सिंह जसवंत सिंह,अरविंद सिंह नरेंद्र सिंह पुष्प सागर सिंह पुष्पेंद्र सिंह सौरव सिंह अजय सिंह सूर्य प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज बंधु सम्मलित रहे।

# कंस वध का मेला लगा

**सबलगढ़।** सबलगढ़ में परंपरागत कंस वध का मेला सोमवार को कृषि उपज मण्डी परिसर में लगाया गया।देवी संकीर्तन युवा मण्डल द्वारा आयोजित मेला में 51 फीट लम्बा कंस का पुतला बनाया गया।जिसका वध करने के लिए भगवान श्री कृष्ण बलदाऊ जी की शोभायात्रा श्री अन्नपूर्णा देवी मंदिर से बैंडबाजे के साथ निकाली गई।मेला परिसर पहुँचकर भगवान ने अग्निबाण से दुराचारी कंस का वध किया।

# राष्ट्र प्रेम, साहस और गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाने वाली फिल्मों को देंगे प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## फिल्म 'छावा' का विशेष शो हुआ ओपन थियेटर में



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 17वीं सदी में शासक रहे छत्रपति संभाजीराव महाराज के जीवन और संघर्ष पर बनी फिल्म ÷छावा÷ देखी। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को मध्यप्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री भी किया है। अशोका लेक व्यू परिसर में ओपन थियेटर में हुए फिल्म के विशेष प्रदर्शन को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, मंत्री परिषद के सदस्यों और अनेक जन प्रतिनिधियों ने देखा और फिल्म की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह राष्ट्र प्रेम का संदेश देने वाली प्रेरक फिल्म है। मध्यप्रदेश सरकार ऐसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी भारत के गौरवशाली इतिहास से अवगत करवाने वाली फिल्मों को प्रोत्साहित करेगी।

राज्य सरकार भारत के वीर शासकों और देशभक्तों के संघर्ष की गाथा को प्रस्तुत करने वाले सिनेमा को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज जितने साहसी और वीर थे वैसे ही उनके सुपुत्र छत्रपति संभाजीराव महाराज भी थे। वे ऐसे शासक थे जिन्होंने देश के लिए राष्ट्र प्रेम का अदभुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा 300 वर्ष से अधिक पुराने दौर को सिनेमा के परदे पर जीवंत किया गया है।

फिल्म के निर्माता निर्देशक और कलाकार बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज विश्व में भी काफी उथल-पुथल है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत अपनी विरासत और संस्कृति के संरक्षण के साथ विकास की ओर बढ़ रहा है। निश्चित ही ऐसी फिल्म जनप्रतिनिधियों के साथ देखना मेरे लिए एक सुखद संयोग है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता पर आधारित एक काव्य रचना भी पढ़कर सुनाई।

# अग्रवाल संघ मुरैना द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न




**मुरैना,कांस।** अग्रवाल संघ मुरैना श्री रामजी भक्त मंडल श्रीराम कथा भक्तमंडल के तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण के दिव्य स्वरूपों ने फूलों की होली खेलकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की होली खेलते हुए भक्ति और उल्लास का अनुभव किया।

संपूर्ण वातावरण रंग-बिरंगे पुष्पों की खुशबू से महक उठा। संघ के पदाधिकारियोंसंरक्षण माता प्रसाद सिंगल महेशचंद्र अग्रवाल मुन्ना लाल अग्रवाल रविकांत गोयल गिरजेश गर्गमहेश मोदी मुन्नालाल गुप्ता अशोक अग्रवाल। राजेश मित्तल विष्णु अग्रवाल रघुवीर प्रसाद बंसल सुहास गोयल हलवाई भुवनेश्वर गर्ग अशोक अग्रवाल नरेश अग्रवाल नेमीचंद सिंघल अशोक अग्रवाल खोआ ने बताया कि यह आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने इस अद्भुत आयोजन की सराहना की और अग्रवाल संघ मुरैना को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अंत में समाज के वरिष्ठजनों द्वारा स्नेह भोज की व्यवस्था की गई, जहां सभी ने एक साथ बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# महिला अपराधों में घरेलू हिंसा अधिनियम के महत्व के लिये महिला अधिकारी व कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला



**ग्वालियर।** आज पुलिस कन्ट्रोल रूम सभागार ग्वालियर में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देष पर प्रषिक्षण की नोडल अधिकारी अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर के मार्गदर्षन में ग्वालियर जिले के समस्त थानों के ऊर्जा डेस्क में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये ''घरेलू हिंसा से महिलाओं का सरंक्षण'' विषय पर एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यषाला में प्रषिक्षण देने आये एडीपीओ महिला अपराध श्रीमती प्रगति नायक के द्वारा ग्वालियर जिले के थानों में संचालित ऊर्जा डेस्क में पदस्त लगभग 40 महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को घरेलू हिंसा अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कार्यशाला में अति0 पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे), डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती किरण अहिरवार सहित ग्वालियर जिले के थानों से आए ऊर्जा डेस्क की महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी एवं महिला सेल के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अति0 पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे) द्वारा प्रषिक्षण देने आई एडीपीओ महिला अपराध श्रीमती प्रगति नायक का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। उसके बाद डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती किरण अहिरवार द्वारा उपस्थित महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को आयोजित एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यषाला की रूपरेखा से अवगत कराया।

प्रशिक्षण कार्यषाला में एडीपीओ महिला अपराध श्रीमती प्रगति नायक द्वारा कार्यषाला में उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि घरेलू हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो महिलाओं, बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के जीवन को प्रभावित करती है। यह हिंसा शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप में हो सकती है। उन्होने कहा कि घरेलू हिंसा से बचाव के लिए भारत में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 लागू किया गया है। इस अधिनियम का उद्देष्य पीडित महिला को जल्द से जल्द न्याय दिलाना है, उनके द्वारा कार्यषाला में उपस्थित महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को महिला संबधी विवेचना में घरेलू हिंसा अधिनियम के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होने कहा कि घरेलू हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं। यह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है कि हम एक ऐसा समाज बनायें, जहां हर महिला सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन जी सके। ग्वालियर पुलिस कार्यषाला के द्वितीय सत्र में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर द्वारा उपस्थित महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम एक विषेष अधिनियम है जो घरेलू हिंसा से पीडित महिला व बच्चों को संरक्षित करती है, उन्होने डीआईआर फॉर्म के संबंध में विस्तार से बताया गया। तथा उपस्थित महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों से कहा कि थाने में प्रत्येक पीडित महिला के आने पर अनिवार्य रूप से डीआईआर फॉर्म जरूर भरवायें जिसकी हर हफ्ते उनके द्वारा समीक्षा की जावेगी और हफ्ते में एक दिन शक्ति समिति के सदस्यों को काउसलिंग में शामिल जरूर करें व परामर्ष की अवधि 90 दिन से अधिक नही होना चाहिये। कार्यषाला के दौरान उनके द्वारा उपस्थित महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से उनको थाने एवं फील्ड् के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में बातचीत की गई एवं उनकी समस्याओं के समाधान का आष्वासन दिया गया।

# जीवन को सुखद और सार्थक बनाती है गीता

### बुल्गारिया के बिजनेसमैन और सनातन प्रेमी फ्रांसिस ने बताया जीवन में गीता का महत्व

### आईकॉम सेंटर पर प्रबुद्धजनों ने किया विक्टर और उनकी बहन डेनिएला का अभिनंदन



**ग्वालियर,नसं.** । श्रीमद्भगवद्गीता हिंदू धर्म के प्रमुख ग्रंथों में से एक है। यह न केवल धर्म का उपदेश देती है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू का मार्गदर्शन करती है और जीने की कला भी सिखाती है। गीता से मानसिक शांति मिलती है और परेशानियों से मुक्ति। गीता का ज्ञान जीवन में लागू करने से इंसान सफल हो जाता है। क्योंकि जीवन को सुखद और सार्थक बनाती है गीता। कल्पतरू फाउंडेशन बुल्गारिया के डायरेक्टर और बिजनेसमैन विक्टर फ्रांसिस ने यह बात कही। उन्होंने यह बात इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस (आईकॉम) पर भाईदूज पर आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के कही। सनातन धर्म को आत्मसात करने वाले विक्टर ने भारतीय धर्म, संस्कृति और सभ्यता की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के लोग अच्छे हैं। परोपकारी हैं, दयालु हैं और लोगों की मदद करने वाले हैं। मैं भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानता हूं और गीता का पाठ करता हूं। मैंने अनेक भारतीय धर्म ग्रंथों का अपने देश में अनुवाद कर वहां के नागरिकों को उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया है। क्योंकि भारतीय सनातन संस्कृति, धर्म और परंपरा जीवन को दिशा देने वाली है। इंटरनेशनल अलायंस एंड कम्युनिकेशंस कल्पतरू फाउंडेशन की प्रमुख डेनिएला सेवेरिनेवा (विक्टर की बहन) ने कहा कि गीता में परमात्मा, आत्मा और सृष्टि विधान के ज्ञान का उल्लेख है। गीता के अनुसार इंसान को हार-जीत की भावनाओं और भविष्य के डर से मुक्त होकर अपने दैनिक जीवन को सुख से जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और हिंदू धर्म को सुना और पढ़ा ही नहीं हैं बल्कि वह हमारी आत्मा में बस गया है। यही जीवन को श्रेष्ठ बनाता है। इस दौरान सेंटर डायरेक्टर डॉ. केशव पाण्डेय ने अध्यक्षीय उद्बोधन के बाद विक्टर और डेनिएला का नागरिक अभिनंदन कर उन्हें शॉल,श्रीफल और स्मृति चिंह भेंट किए।

इस दौरान शहर के प्रबुद्धजनों से उनसे कला, संस्कृति, सभ्यता, सनातन और धर्म पर सवाल-जवाब किए। जिनका दोनों भाई-बहनों से शानदार अंदाज में जवाब दिया। कार्यक्रम का संचालन पंडित रामबाबू कटारे ने तथा आभार व्यक्त सीके शर्मा ने किया। इस दौरान एमडी पाराशर, सुरेंद्र सिंह कुशवाह, विजय पाराशर, प्रकाश नारायण शर्मा, प्रकाश मिश्र, शशि मिश्र, पीडी पाण्डेय, कल्पना पाण्डेय, राजेंद्र सिंह, आलोक द्विवेदी, विजय पाण्डेय, भूपेंद्र कांत, दिनमणि शर्मा, हेमराज शर्मा, जगदीश गुप्त महामना, मनोज.त्रिपाठी, संतोष वशिष्ठ एवं राजेंद्र मुदगल ने स्वागत किया। विदेशी मेहमान ग्वालियर की पर्यटन स्थल और विरासत को देखने के बाद मिले मान-सम्मान से गदगद नजर आए और बोले हम ग्वालियर फिर से आना पसंद करेंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अशोका लेक व्यू परिसर में रसोईयों से की बात



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म ÷छावा÷ के प्रदर्शन के अवसर पर लेक व्यू अशोका ओपन थिएटर परिसर में भोजन व्यवस्था देख रहे कारीगरों से आत्मीयता पूर्वक चर्चा की। उनके द्वारा परोसे जा रहे श्री अन्न (मोटे अनाज) के व्यंजन और उन्हें तैयार करने की विधि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने

# रायपुर विधानसभा उप मुख्यमंत्री साव को विधायक राघवेंद्र सिंह के साथ नेता प्रतिपक्ष ने प्रश्नकाल में घेरा

## छत्तीसगढ़ में खुलेंगी 67 नई शराब दुकानें

**रायपुर, कासं.।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव को विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने घेरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग संभाग बिलासपुर द्वारा वार्षिक मरम्मत विद्युतीकरण पर व्यय राशि का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि भवन और स्थानों की जानकारी मांगी थी, लेकिन सिर्फसेक्शन की जानकारी दी गई है. कितने एग्रीमेंटेड ओर कितने गैर एग्रीमेंटेड उद्योग कराए गए है?

इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि 2016-से 2024 की अवधि में 9156 स्थानों के कार्य कराए गए है. दो-तीन कार्यों का बिल ठेकेदार एक ही बार में ले लेता है, इसलिए इसकी इंट्री माप पुस्तिका में होती है. उन्होंने बताया कि कुल इस अवधि में 596 अनुबंधित और 16705 गैर अनुबंधित कार्यों के लिए 32 करोड़ 3 लाख का भुगतान किया गया है।

विधायक राघवेंद्र सिंह ने सवाल किया कि क्या जब भुगतान करते है तो क्या स्थान का नाम उल्लेखित करना अनिवार्य है कि नहीं. इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि देयक के स्थान का उल्लेख नहीं होता माप पुस्तिका में होता है. इस पर विधायक ने सवाल किया कि आप के ही डिपार्टमेंट से एक नोटिस इशू किया जाता है कि अगर भवनों ओर स्थानों का नाम नहीं दिया जाता तो सभी देयकों को फर्जी माना जाएगा. किन-किन भवनों में क्या-क्या काम संचालित हुआ है, इसकी जानकारी दी जाए. लगभग 100 करोड़ का मामला है. एक भी जानकारी प्रदान नहीं की जा रही है. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अगर किसी सब डिवीजन के बारे में कंप्लेंट है, तो जानकारी दे दें. उस पर जांच कराई जाएगी. इस पर विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि कितनी शिकायतें आई है. उस पर क्या एक्शन लिया गया है. वह सवाल भी हटा दिया गया है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सवाल किया कि आपने 100 करोड़ का भुगतान कैसे कर दिया. फिर आप लोगों के गाइड लाइन ही क्यों जारी की है. इसकी क्या जरूरत पड़ गई? इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शासकीय राशि का दुरुपयोग ना हो, इसके लिए अधिकारी समय-समय पर जानकारी देते रहते है. आपके नॉलेज के अगर कोई ऐसी कम्पलेंट है, तो आप उपलब्ध कराए कार्यवाही निश्चित ही

# मंत्री श्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने दिव्य कला एवं हस्तशिल्प महोत्सव एवं प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

## कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित हो रही है तीन दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी, हर दिव्यांग में है अनूठी प्रतिभा, आवश्यकता उसे तलाशने, तराशने और उसे सही दिशा देने की



**अलीगढ़,कासं.।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार का सपना है कि बिना किसी भेदभाव एवं जाति बंधन के समाज के हर तबके का विकास सुनिश्चित हो। सरकार द्वारा दिव्यांगों के हितार्थ विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद को मिले। समाज की मुख्यधारा से पीछे रह गए निःशक्तजनों में आत्मविश्वास एवं मनोबल को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने उन्हें ''दिव्यांगजन'' के रूप में मान्यता दी। ''दिव्यांगजन'' शब्द की उत्पत्ति दिव्यता से हुई है।

हर दिव्यांग व्यक्ति में कोई न कोई अनूठी प्रतिभा छिपी होती है आवश्यकता उसे तलाशने, तराशने और उसे सही दिशा देने की है। उक्त उद्गार प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री श्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में तीन दिवसीय मण्डल स्तरीय दिव्यकला एवं हस्तशिल्प महोत्सव 2025 के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। इससे पूर्व मा0 मंत्री जी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं आजाद फाउंडेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य कला एवं हस्तशिल्प महोत्सव 2025 एवं प्रदर्शनी का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने हैबिटेट सेंटर में मण्डल भर से स्थापित किए गए स्टॉल्स अवलोकन किया और दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि सरकार सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से दिव्यांगजनों को उनकी रूचि के अनुसार हुनर व कौशल से जोड़ते हुए उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को मजबूती प्रदान की जा रही है। पहले उनको 300 रूपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उनकी परेशानियों को समझते हुए 1000 रूपये प्रतिमाह का भरण-पोषण प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश भर में 11 लाख से अधिक दिव्यांगों को पेंशन दी जा रही है। दिव्यांगजनों के शैक्षिक उन्नयन के लिए प्रदेश में डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही जगतगुरू रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय चित्रकूट भी दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इनके माध्यम से दिव्यांगजनों को मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और उनके लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे और मजबूत समाज को विकसित करने में सामाजिक संस्थाओं का विशेष स्थान है।

उन्होंने आजाद फाउण्डेशन संस्था की सचिव साजिया सिद्दीकी और उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से दिव्यांगजनों में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा प्रार्थना गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता.....की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी गई। मा0 मंत्री जी द्वारा समाजसेवा, कला, संगीत, खेल व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 दिव्यांगजनों डॉ शालिनी शर्मा, नौशाद मंजर, जरमीना खान, अवंतिका गौड़, सौनू बघेल को उनकी विशेषताओं एवं कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरष्कृत किया गया।

उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण से ओ लेबल एवं शादी अनुदान लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान करने के साथ ही सोसाइटी की अध्यक्ष शहनीला सिद्दीकी, दानिश खान, ओबेद इसरार, एडवोकेट प्रिंस प्रताप सिंह, मुन्ना खान, दिवाकर राघव, अली आमिर, मोहम्मद खालिद, जफर महमूद, चंद्रिका अग्रवाल, ऐमन महमूद, सोफिया जावेद, फरह खान, अली आमिर, एलिजा, मरियम, बिलाल, खालिद, आलम को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, महापौर प्रशान्त कुमार सिंघल, नगर आयुक्त विनोद कुमार और सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, उपनिदेशक दिव्यांगजन पारिशा मिश्रा, उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग, आरके मिश्रा, परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम, जिला दिव्यांगजन अधिकारी रोहित कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय निदेशक इग्नू डा0 हर्षवर्धन आचार्य समेत समेत अन्य अधिकारी व दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा.मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।